卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म्卐 卐जय माता दी卐
卐 सीताराम बाबा जी卐卐जय बाबा की卐卐श्याम बाबा卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 43 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦19 नवम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

राजनीति का अखाड़ा बना पेराई सत्र का उदघाटन कार्यक्रम

भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की नारेबाजी से तनावपूर्ण हुआ माहौल

किच्छा(उद संवाददाता)। चीनी मिल के पेराई सत्र2024-25 का विधिवत पूजा पाठ के साथ पंडित हेमचंद जोशी एवं माधव प्रसाद मिश्रा ने किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ,तथा भाजपा के जिलाध्यक्ष कमल जिंदल पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने संयुक्त रूप से कराया किंतु अंतिम समय में संपूर्ण कार्यक्रम राजनीति के अखाड़े में बदल गया । पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किच्छा शुगर मिल के पेराई सत्र का शुभारंभ किया जाना था जिसमें गन्ना मंत्री सौरभ बहुगुणा ,जिला अधिकारी उदय राज सिंह सहित तमाम लोगों ने उपस्थित होना था किंतु अपरिहार्य कारणों से जिला अधिकारी उधम सिंह नगर एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो पाए निर्धारित कार्यक्रम पर मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक से मार्तोलिया द्वारा मिल का प्रारंभ करने के लिए विधि विधान से पूजा पाठ एवं हवन का कार्यक्रम प्रारंभ कराया गया जिसमें वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ तथा पूर्व विधायक (शेष पृष्ठ सात पर)

भाजपाईयों ने किया माहौल खराब करने का प्रयासः बेहड़

किच्छा। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने चीनी मिल के पेराई सत्र के शुभारम्भ के दौरान मिल में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा नारेबाजी किए जाने पर कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रोटोकॉल का उल्लंघन करते हुए माहौल खराब करने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल,(शेष पृष्ठ सात पर)

अवैध असलहा बनाने की फैक्ट्री पकड़ी ,एक गिरफ्तार

गदरपुर। थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने पीपली वन बैराज के समीप अवैध शस्त्र बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है जहां से भारी संख्या में शस्त्र और एक आरोपी को हिरासत में लिया है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने खुलासा करते हुए बताया कि मुखबिर की सूचना पर पीपली बन वेराज के पास एक अवैध असलहों का निर्माण कर विक्रय करने वाले फैक्ट्री से एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम दर्शन सिंह पुत्र इन्द्र सिंह निवासी गुलाब का मजरा थाना केलाखेड़ा बताया जिसके पास से 315 बोर के चार तमंचे, 12 बोर के 3 तमंचे, 12 बोर की एक देशी बंदूक, 12 बोर की एक पौनी देशी बंदूक, 8जिंदा कारतूस, के अलावा अवैध असलहा बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। पकड़े गए युवक ने बताया कि वह इन हथियारों को रामपुर, रुद्रपुर, किच्छा, हल्द्वानी, बाजपुर, कालाढूंगी आदि स्थानों में सात हजार रूपये के हिसाब से बेचता है पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया और न्यायालय के समक्ष पेश किया।पकड़ा गया आरोपी पूर्व में भी अवैध असलाह बनाने के आरोप में जेल जा चुका है। आरोपी के खिलाफ लगभग 13 बार थानों में अभियोग पंजीकृत हैं। खुलासाक रने वाली टीम मे थाना अध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान,उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा, कांस्टेबल ललिता प्रसाद, मोहन बोरा, सूरज अधिकारी, जयप्रकाश, दीपक शर्मा मौजूद रहे।

भारत पैथ लैब
20, कल्याणी व्यू, केशव मार्ग, श्याम टॉकीज रोड,रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)
फोन: 9412088229 ईमेल:bharatpathlab123@gmail.com
आवश्यकता है
भारत विकास परिषद रूद्रपुर चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा स्थापित धर्मार्थ पैथोलॉजी लैब हेतु निम्न पदों पर योग्यता प्राप्त एवं अनुभवी पुरुष/महिला की आवश्यकता है:-

क्र.सं.	पद	शैक्षिक योग्यता	संख्या
1	रिसेप्सनिस्ट/एकाउंटेंट	Bcom./Bsc	1
		कम्प्यूटर में कुशलता आवश्यक	

इच्छुक अभ्यर्थी स्व.हस्तलिखित प्रार्थना पत्र, विस्तृत टंकित बायो-डाटा एवं शैक्षिक प्रमाणपत्रों की छाया प्रतियों सहित 23 नवम्बर 2024 को प्रातः 11 बजे लैब कार्यालय में मिले।

एक करोड़ की स्मैक सहित तस्कर दबोचा

काशीपुर (उद संवाददाता)। एसओजी और पुलिस की संयुक्त टीम ने एक करोड़ की स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया तस्कर पूर्व में भी जेल जा चुका है। एसएसपी मणिकांत मिश्रा ने बताया कि जिले में नशा माफियाओं के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसओजी और काशीपुर कोतवाली की संयुक्त टीम ने सघन वाहन चैकिंग के दौरान डिजाईन सेंटर के पास से एक स्कूटी सवार को संदिग्ध पाते हुए कड़ी पूछताछ की। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 306 ग्राम स्मैक बरामद हुई। जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक करोड़ से अधिक आंकी गयी है। पकड़े गये आरोपी मोहसिन (शेष पृष्ठ सात पर)

मस्जिद में बालक से दुष्कर्म का प्रयास करने वाला मौलवी गिरफ्तार

काशीपुर(उद संवाददाता)। बालक के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले मदरसे के मौलवी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक 17 नवम्बर को मोहल्ला काजीबाग निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि उसका दस वर्षीय नाबालिग पुत्र 16 नवंबर को दोपहर 12:30 बजे मस्जिद/मदरसा काजीबाग काशीपुर में पढ़ने गया था। मस्जिद/मदरसा काजीबाग के मौअज्जम/मौलवी मो० शोएब ने उसके पुत्र के साथ मस्जिद में स्थित अपने आवास में पढ़ने हेतु बुलाकर दुष्कर्म का प्रयास किया जिसके आधार (शेष पृष्ठ सात पर)

ट्रेन की टक्कर से मजदूर की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत रात्रि छतरपुर क्षेत्र में पटरी पार कर रहे एक मजदूर की रेल की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर शव अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार दुर्गा विहार कालोनी भूरारानी निवासी 37 वर्षीय सतपाल साहनी पुत्र रामअवतार मूल रूप से ग्राम टोकबधिया जिला मुरफ्फरनगर बिहार का रहने वाला था और कुछ वर्ष पूर्व से अपनी पत्नी ललिता देवी, दो पुत्रों सूरज व मानव तथा तीन पुत्रियों सलोनी, श्रृष्टि व मानू के साथ यहां रहकर मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता था। बताया जाता है कि गत रात्रि वह मजदूरी कर घर वापस लौट रहा था कि ओमेक्स कालोनी के पीछे रेल पटरी पार करने के दौरान वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो (शेष पृष्ठ सात पर)

कार में पकड़ा नशे के इंजेक्शनों का जखीरा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस टीम ने सोमवार रात्रि चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को कार में भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन ले जाते गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि उप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशी, उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, एएसआई जगवीर शरण, कांस्टेबल इसरार अहमद, मोहित जोशी, उमेश सिंह तथा हेड कांस्टेबल चालक मनमोहन सिंहं किच्छा क्षेत्र में चैकिंग कर रहे थे कि ग्राम गिद्धपुरी में पन्तपुरा को जाने वाले रास्ते में तिराहे पर एक कार संख्या यूपी 25 ईबी 9675 खड़ी दिखाई दी जिसके पीछे एक व्यक्ति कार कि डिग्गी खोलकर कुछ सामग्री उस कार के पास खड़े व्यक्तियो को दे रहा था। पुलिस वालो को आता देख कार के पास खड़े व्यक्ति खेतों की तरफ भागने लगे। शक होने पर पुलिस वालों ने सामग्री दे रहे व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया। भागे हुए व्यक्ति खेते में ओझल हो गये। पूछताछ करने पर पकड़े गये व्यक्ति ने अपना नाम पता वीरपाल पुत्र हरीश कुमार निवासी ग्राम शरीफ नगर थाना देवरनिया जनपद बरेली उत्तर प्रदेश बताया। कार की तलाशी लेने पर उसमें कट्ट में रखे डिब्बों से कुल 1600 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद हुए। वीरपाल ने बताया कि वह यह इंजेक्शन बरेली से लाया है। जबकि कार अपने किसी परिचित से माग कर लाया हूं। एसपी सिटी ने बताया कि बरामद इंजेक्शन कब्जे में लेकर नशा तस्कर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार सीज कर दी है।

तेरहवीं संस्कार

द्रवित हृदय से सूचित कर रही हूँ कि मेरे पूज्य पति **संजीव वर्मा जी (पुत्र स्वर्गीय शंभूनाथ वर्मा जी)** का स्वर्गवास 7 नवम्बर 2024 को हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति हेतु **तेरहवीं संस्कार 20 नवम्बर 2024 दिन बुधवार** को दोपहर 1 से 3 बजे स्थान कम्युनिटी हॉल, एलायंस कॉलोनी काशीपुर रोड, रुद्रपुर में सम्पन्न होगा।

शोकाकुल परिवार

पिंकी वर्मा (पत्नी)
संदीप वर्मा (ARTO रामनगर)-पूजा वर्मा (भाई-भाभी)
पूनम सिंह-राजेश सिंह (बहन-जीजाजी), सुमन सिंह-वीरेन्द्र सिंह (बहन-जीजाजी)
आर्यन सिंह,आयुषी सिंह (पुत्र/पुत्री), शौर्य सिंह-श्रेया सिंह (भतीजा-भतीजी)
मो०- 9837903787, 708888978

केदारनाथ उपचुनाव में कल होगा मतदान, दांव पर लगी प्रतिष्ठा

रोचक हुआ सियासी खेल: आशा नौटियाल और मनोज रावत के बीच हो सकती है कांटे की टक्कर

देहरादून(उद ब्यूरो)। उत्तराखंड में केदारनाथ विधानसभा सीट पर बुधवार 20 नवम्बर को मतदान होगा और भाजपा कांग्रेस सहित छह उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम मशीन में कैद होगा। वहीं केदारनाथ उपचुनाव भाजपा और कांग्रेस दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। भाजपा ने केदारनाथ सीट जीतने के लिए पूरा जोर लगा दिया है तो वहीं कांग्रेस भी एकजुट होकर केदारघाटी में भाजपा भगाओ के नारे के साथ जीत का दम भर रही है। कांग्रेस बदरीनाथ और मंगलौर के बाद अब केदारनाथ सीट जीतकर एक बार फिर भाजपा सरकार पर मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश में है तो भाजपा उपचुनाव में जीत दर्ज कर अपना दबदबा कायम रखते हुए धामी सरकार को स्थिर रखने की चुनौती का सामना कर पाएगी। माना जा रहा है कि 23 नवंबर को केदारनाथ उपचुनाव के परिणाम प्रदेश की सियासत का भविष्य भी तय करेगी। केदारनाथ विधानसभा सीट पर पिछले चुनावी मुकाबलों में भाजपा ने इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने अपना वर्चस्व कायम किया है। जबकि कांग्रेस के फायरब्रांड नेता मनोज रावत भी केदारनाथ सीट से कई बार मुकाबला कर चुके है। मोज रावत और आशा नौटियाल के बीच सीधा मुकाबला होने से यह उपुचनाव कई मिथक भी तोड़ सकता है। पिछले करीब तीन महीने से उपचुनाव की तैयारी में जुटे सियासी दलों की तैयारियों और प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के लगातार 17 दिन तक किए धुआंधार प्रचार का फल किस दल की झोली में जाएगा, इसका खुलासा 23 नवंबर को मतगणना के बाद हो जाएगा। बहरहाल उपचुनाव में ताल ठोंक रहे छह प्रत्याशियों ने अपने पक्ष में हवा बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी है। हालांकि मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच में ही माना जा रहा है।

सत्तासीन भाजपा के लिए सीट और प्रतिष्ठा बचाने की चुनौती: भाजपा ने केदारनाथ उपचुनाव में सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत सरकार के मंत्री,सांसद, संगठन के बड़े चेहरे और टिकट के दावेदार समेत सारी फौज केदारघाटी में उतारकर जनता को अपनी सक्रियता का संदेश दिया। भाजपा ने धामी सरकार के मंत्रियों को चुनाव के ऐलान से पहले ही केदारघाटी में तैनात कर दिया था। इसके साथ ही संगठन के बड़े चेहरे और रणनीतिकारों को भेज दिया था। जिससे उपचुनाव में किसी तरह की कोई कमी न रह जाए। चुनाव के ऐलान के बाद सांसद भी पहुंचे और अब टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे चेहरों को एक मंच पर लाकर खड़ा कर दिया। दवंगत विधायक शैलारानी रावत की बेटी ऐश्वर्या के घर पहले भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल ने डिनर कर संदेश देने की कोशिश की इसके बाद ऐश्वर्या और कुलदीप दूसरे दावेदारों के साथ मंच साझा किया। इन सभी फैक्टर को साथ लेकर भाजपा इस उपचुनाव को जीतने के लिए खास रणनीति पर फोकस कर रही है। केदारनाथ सीट पर उपचुनाव की जीत और हार को तय करने के लिए कई फैक्टर काम कर सकते हैं। केदारनाथ मंदिर का मुद्दा दिल्ली में केदारनाथ मंदिर निर्माण का काम भले ही स्थगित कर दिया गया हो लेकिन उपचुनाव में ये मुद्दा सबसे ज्वलंत मुद्दा बना हुआ है। कांग्रेस इस मुद्दे को छोड़ना नहीं चाहती है। कांग्रेस इस मुद्दे के सहारे अपनी नैया पार लगाना चाहती है। इस मुद्दे का असर भाजपा को परेशान भी कर रहा है। यही वजह है कि सीएम पुष्कर सिंह धामी को बाबा केदार की सौगंध खाकर इस बहस को खत्म करने की कोशिश की गई। इतना ही नहीं प्रत्याशी आशा नौटियाल तो सीएम की मौजूदगी में रो पड़ी। चुनाव में आंसू का रोल ऐसे समय में इमोशनल कार्ड माना जाता है खासकर जब दिवंगत विधायक की मृत्यु के बाद हो रहे उपचुनाव में जब सियासी दलों को सहानुभूति बटोरनी हो। ऐसे में केदारनाथ मंदिर का मुद्दा वोट की चोट पर कितना असर डालता है ये 23 तारीख को तय होगा। **कांग्रेस ने बाबा केदार की सौगंध को बनाया ज्वलंत मुद्दा:** कांग्रेस ने इस चुनाव में भी अंकिता भंडारी हत्याकांड और महिला सुरक्षा को अहम मुद्दा बनाया हुआ है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा एक बेटी को न्याय नहीं दिला पाई है साथ ही महिला सुरक्षा पर सरकार को घेर रही है। हालांकि विधानसभा और लोकसभा चुनाव में इस मुद्दे का ज्यादा असर वोट पर नजर नहीं आया। लेकिन क्या केदारनाथ उपचुनाव में अंकिता का मुद्दा असर करेगा, ये भी महत्वपूर्ण हो जाता है। कांग्रेस ने अंकिता की हत्या को मुद्दा इसलिए बनाया हुआ है, क्योंकि भाजपा की दावेदार आशा नौटियाल एक महिला होने के साथ ही भाजपा की महिला मोर्चा की अध्यक्ष भी हैं। ऐसे में कांग्रेस इस मुद्दे को फिर से जमकर उठा रही है। केदारघाटी में आपदा और सुविधाएं भाजपा और कांग्रेस उपचुनाव में केदारघाटी में आपदा और विकास को चुनावी मुद्दा बनाए हुए है। कांग्रेस का आरोप है कि भाजपा सरकार ने केदारघाटी में आपदा के समय में सही मेनेजमेंट के साथ काम नहीं किया और यात्रा व्यवस्था पूरी तरह से चौपट रही तो भाजपा और सीएम धामी केदारघाटी में आई आपदा के दौरान रेस्क्यू कार्य और विकास की योजनाओं को गिना रही है। सीएम धामी का कहना है कि वे आपदा के दौरान खुद मोर्चा संभाल चुके हैं और बहुत कम समय में यात्रा को पटरी पर लाने काम भी किया। इसके साथ ही रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर भी दोनों दल आमने सामने हैं। कांग्रेस की एकजुटता केदारनाथ उपचुनाव में कांग्रेस के सभी बड़े नेता केदारघाटी में डेरा डाले रहे। पूर्व सीएम हरीश रावत से लेकर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, गणेश गोदियाल, प्रीतम सिंह, हरक सिंह जैसे दिग्गज केदारनाथ विधानसभा के गांव गांव जाकर प्रत्याशी मनोज रावत के लिए जमकर प्रचार कर रहे हैं। वहीं पूर्व सीएम हरीश रावत भी प्रचार में चिरपरिचित अंदाज में दिखे। प्रचार के दौरान महिला मतदाताओं को साधने के लिए खेत खलियान में भी गए। इसके साथ ही कांग्रेस के कुमांउ के नेता भी एकजुट होकर इस चुनाव को लड़ रहा है। इस चुनाव में कांग्रेसी एकजुटता नजर आ रही है। जो कि कांग्रेस के लिए अच्छा संकेत है। वहीं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने दावा किया है कि केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में जहाँ भाजपा पानी की तरह बहाये जा रहे धन, बल और मशीनरी के साथ चुनाव मैदान में है वहीं कांग्रेस सीमित संसाधनों के साथ बाबा केदारनाथ जी के आशीर्वाद और जनता के भरोसे चुनाव मैदान में है। मुझे विश्वास है केदारनाथ विधानसभा की जनता बाबा केदारनाथ जी की प्रतिष्ठा के साथ खिलवाड़ करने वालों को सबक सिखाने जा रही है।

गोलीकाण्ड का आरोपी गिरफ्तार: अवैध संबधों के शक में चलाई थी गोली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पुलिस ने एक व्यक्ति पर गोली चलाने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके पास से घटना में प्रयुक्त तमंचा भी बरामद कर लिया। पुलिस के मुताबिक बागवाला निवासी शोभा पत्नी मुसाफिर ने 13 नवंबर 24 को पुलिस को तहरीरी दी । तहरीर में बताया कि गांव में रहने वाले संजय पासवान पुत्र रामआसरे जो उनके पति से पहले से ही रंजिश रखता है और 12 नवंबर की सुबह 8 बजे पति को ड्यूटी में जाते समय जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली पति के सिर व गले में लग गई। पति को अस्पताल में भर्ती कराया गया। कोतवाल मनोज रतूड़ी ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने पुलिस टीम का गठन किया। उन्होंने बताया कि घटना वाले दिन से अभियुक्त अपना फोन बंद कर फरार हो गया। पुलिस से बचने के लिए लगातार अपनी लोकेशन बदलता रहा। एसपी सिटी ने बताया कि पुलिस को अभियुक्त के बागवाला वींको फैक्ट्री के पास खड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच अभियुक्त को दबोच लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा 12 बोर मय खोखा कारतूस बरामद किया। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि मुसाफिर पर अपनी पत्नी के साथ अवैध संबंधों का काफी समय से शक था। जिस कारण उसने मुसाफिर को सबक सिखाने के उद्देश्य से उसके साथ पहले मारपीट की और उसके बाद उस पर देशी तमंचे से फायर कर दिया। एसपी सिटी ने बताया कि अभियुक्त को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज रतूड़ी, एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई दीपक बहुगुणा, एएसआई नवीन जोशी, एएसआई अमित कुमार, रघुनाथ सिंह, दिनेश रावत,ताजवीर शाही आदि शामिल थे।

चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सितारगंज कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक नशा तस्कर को 445 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी मणिकांत मिश्रा में बताया कि प्रभारी निरीक्षक सितारगंज के नेतृत्व में उप निरीक्षक इन्दर सिंह बैला द्वारा चैकिंग के दौरान करयटिया रोड के पास से नशा तस्कर सोना सिंह उर्फ सोनू पुत्र सुरजीत सिंह निवासी ग्राम देवीपुरा थाना नानकमत्ता को बिना नम्बर की मोटर साईकिल पर बैठे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से कुल 445 ग्राम अवैध चरस बरामद की गयी।

पुलिस ने सोना सिंह उर्फ सोनू के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसकी आपराधिक इतिहास की जानकारी कर न्यायालय पेश किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगे भी नशे का कारोबार करने वाले व नशा करने वालों के विरूद्ध अभियान जारी रहेगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक इन्दर सिंह डैला, उप निरीक्षक ललित मोहन चौधरी,कांस्टेबल तरूण चौधरी, चन्द्र प्रकाश शामिल थे।

आरोपी की छिपाने में मदद करने वालों के घरों पर नोटिस चस्पा

छात्र को अगवा करने के प्रयास में नामजद मुख्य आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ओमेक्स निवासी छात्र की पिटाई कर उसे अगवा करने के प्रयास के आरोपी की तलाश पुलिस ने तेज कर दी है। पुलिस उसके घर में दबिश देकर उस तक पहुंचने के लिए कई लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने आरोपी को छिपने में मदद करने और संरक्षण देने वाले प्रापर्टी डीलर समेत अन्य के घरों में नोटिस चस्पा कर दिया है। पुलिस ने जांच में सहयोग न करने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है। ओमेक्स कालोनी निवासी 17 वर्षीय माधव पुत्र राजेश चावला बीते दिनों सहपाठियों के साथ ट्यूशन पढ़कर लौट रहा था। इसी बीच कार सवार युवकों ने उसकी पिटाई कर उसे अगवा करने का प्रयास किया था। शोर होने पर लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गए थे। मामले की वीडियो भी इंटरनेट मीडिया में वायरल हुई थी। मामला पुलिस तक पहुंचा तो पीड़ित माधव के चाचा विनोद कुमार चावाला की तहरीर पर पुलिस ने तौहीद बेग समेत अज्ञात पर अपहरण का प्रयास समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस के मुताबिक विवेचना में भूरारानी निवासी विवेक खेड़ा, राघव खेड़ा,आर्यन शर्मा के नाम भी प्रकाश में आए थे। इस पर पुलिस ने मुख्य आरोपी सीर गोटियां निवासी तौहीद बेग की तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन अभी तक वह हाथ नहीं आया। पुलिस ने रविवार देर रात तौहीद बेग के सीरगोटिया स्थित घर में दबिश दी तो वह घर में नहीं मिला।उसके कोर्ट में आत्मसमर्पण की आशंका जताई जा रही है। जिस पर पुलिस कोर्ट परिसर के आसपास भी मुस्तैद है। पुलिस को जांच में भूरारानी निवासी कशिश खेड़ा पुत्र राम किशन खेड़ा, प्रापर्टी डीलर प्रवीण खेड़ा पुत्र सुग्रीव लाल को तौहीद बेग को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के अलग अलग ठिकानों में छिपाने और उसे संरक्षण देने के तथ्य मिले है। जिसके आधार पर सिडकुल पुलिस चौकी प्रभारी प्रदीप कुमार ने टीम के साथ प्रवीण खेड़ा, कशिश खेड़ा और विवेक खेड़ा के घर में नोटिस चस्पा किया है। चेतावनी दी गई है कि सिडकुल चौकी में अपने बयान दर्ज कर पुलिस को सहयोग करें।ऐसा न करने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल अभी तक पुलिस हाथ खाली हैं। सूत्र बताते हैं कि छात्र को मारपीट कर उसे अगवा करने के प्रयास में नामजद मुख्य आरोपी तौहीद बेग पुलिस के लिए चुनौती बना है।

जयंती पर स्व. इंदिरा गांधी को किया नमन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देश की भूतपूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी इंदिरा गांधी की जयंती महानगर कांग्रेस ने धूमधाम से मनाते हुए उनके कार्यकाल की ऐतिहासिक उपलब्धियों को याद किया। महानगर कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गांधी पार्क में एकत्र हुए। उन्होंने इंदिरा गांधी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं। इससे देश का मान बढ़ा। वह अपने कुशल नेतृत्व में देश को काफी आगे ले गई। देश की दिशा और दशा बदलने में इंदिरा जी की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता है। देश के प्रति स्व इंदिरा काफी समर्पित थी। सभी को उनसे सीख लेनी चाहिए। इंदिरा गांधी ने देश ही नही पूरे विश्व मे भारत का नाम रोशन किया। उनके कार्यकाल में पाकिस्तान के हजारों सैनिक भारत के सामने घुटने टेकने को मजबूर हो गये और आत्म समर्पण कर दिया। बैंकों का राष्ट्रीयकरण, सहित बहुत बड़ी उपलब्धिया उनके नाम पर दर्ज हैं। इंदिरा गांधी ने देश से गरीबी हटाओ का नारा देकर अमीरी गरीबी की खाई को पाटने का काम किया। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश को नई दिशा दी। मौजूदा समय में देश की जो हालत है उसमें देश को एकजुट रखने और दुनिया में भारत की ताकत का लोहा मनवाने के लिए इंदिरा गांधी के दिखाए रास्ते पर ही चलने की जरूरत है। श्रीमती गांधी ने विदेश मंत्री और प्रधानमंत्री रहते वैश्विक क्षितिज पर भारत की बुलंदियों का जो झंडा गाड़ा उसका लोहा विकसित देश भी मानते रहे। उनकी कार्यशैली, त्वरित निर्णय की क्षमता तथा विपक्षी पर आक्रामक तेवर के चलते ही उन्हें आयरन लेडी के खिताब से नवाजा गया। महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्षा मीना शर्मा ने कहा कि श्रीमती इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में देश को नई दिशा देने का कार्य किया। आज हमें स्वर्गीय श्रीमती गांधी के पद चिन्हों पर चलकर देश को अखंड और मजबूत बनाने की आवश्यकता है। इंदिरा गांधी मजबूत इच्छाशक्ति वाली महिला थी उन्होंने अपने कार्यकाल में देश को विकास के रास्ते पर ले जाकर नई दिशा प्रदान की। इस अवसर पर मता रानी, सतीश कुमार, मोहन खेड़ा, उमा सरकार, राजेश कुमार, मोहन कुमार, इरशाद अहमद, छत्रपाल, उमर अली, हरीश बावरा, जमील अहमद गोपाल भसीन, सपना गिल, प्रीति साना, सुनल आर्य, बाबू विश्वकर्मा, रामकृष्ण सैनी, आसिम पाशा आदि समेत तमाम कांग्रेसी थे।

बैठकों में सचिवों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति के दिए निर्देश

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समीक्षा बैठक से गायब रहे सचिवों को अपने कार्यालय में तलब किया और जमकर फटकार लगाई। उन्होंने समीक्षा बैठकों में अपने स्थान पर अधीनस्थों को भेजने की प्रवृत्ति पर गहरी नाराजगी जाहिर की और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी। मुख्य सचिव ने सोमवार को अपने कार्यालय में सशक्त उत्तराखंड @25 की तकनीकी समिति की समीक्षा बैठक बुलाई थी। बैठक में राज्य के विकास के रोडमैप पर कार्य की प्रगति की समीक्षा होनी थी, लेकिन कई विभागों के सचिव इस बैठक में नहीं पहुंचे। अपनी जगह उन्होंने अपर सचिव या अधीनस्थ अधिकारियों को भेजा। बैठक में सचिवों की गैरमौजूदगी को मुख्य सचिव का पारा चढ़ गया। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को फौरन अपने कार्यालय में हाजिर होने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव कार्यालय से सभी सचिवों को फोन पर सूचना भेजी गई। सीएस की हिदायत मिलते ही सचिव एक-एक कर उनके कार्यालय में उपस्थित हुए। उन्होंने बैठकों में सचिवों की अनिवार्य रूप से उपस्थिति के लिए निर्देश जारी किए। बैठक में प्रमुख सचिव आरके सुधांशु और सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। सीएस ने सभी विभागों को सशक्त उत्तराखंड @25 के लक्ष्यों को शीर्ष प्राथमिकता व अत्यंत गंभीरता से पूरा करने की हिदायत दी। उन्होंने प्रत्येक विभाग को दिए गए लक्ष्यों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार बनाई गई कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन की प्राथमिकता के आधार पर समीक्षा करने और भविष्य की कार्ययोजना पर तेजी लाने के निर्देश दिए। कहा सभी विभागाध्यक्ष अवशेष समय में विकास के सभी लक्ष्य पूरा करेंगे।

गुरूनानक शिक्षा समिति के पूर्व अध्यक्ष को नोटिस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।गुरुनानक बालिका इंटर कालेज की प्रबंध समिति के प्रबंधक ने तत्कालीन गुरुनानक शिक्षा समिति सदस्य सरवन सिंह को भेजे नोटिस में कहा है कि वर्ष, 2011 में गुरुनानक शिक्षा समिति रुद्रपुर के प्रबंधक पद पर रहते हुए उन्होंने अपनी बहू हरप्रीत कौर का चयन कालेज में सहायक अध्यापिका के पद पर कर दिया। यह नियुक्ति उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा अधिनियम, 2009 की सेवा शर्तों की धारा 39 की उपधारा 4 का उल्लंघन है। प्रबंधक ने नोटिस में कहा है कि 15 दिन में नोटिस का जवाब न दिए जाने पर सहायक अध्यापिका हरप्रीत कौर को निलंबन की कार्रवाई कर बर्खास्त कर दिया जाएगा। साथ ही इस कार्यकाल के दौरान प्राप्त किए गए वेतन की वसूली के लिए शिक्षा विभाग को सिफारिश के साथ ही जानकारी छिपा कर नौकरी देने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वहीं मामले को लेकर सरवन सिंह का कहना है कि उनको किसी तरह का कोई नोटिस नहीं मिला है। वर्तमान में स्कूल में कोई वैध कमेटी कार्यरत नहीं है। मुख्य प्रबंध समिति का विवाद चल रहा है। जिसके चुनाव के संबंध में न्यायालय में मामला विचाराधीन है। जिसके चलते किसी तरह का कोई नोटिस जारी करने का अधिकार किसी को नहीं है। शिक्षा विभाग ने भी किसी तरह की अनुमति किसी कमेटी को नहीं दी है।

श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नगर इकाई गठित, मनोज पुनः अध्यक्ष

रूद्रपुर (उद संवाददाता) श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मनोज आर्या पुनः अध्यक्ष बनाये गये जबकि राजकुमार शर्मा को महामत्री और उस्मान अली को कोषाध्यक्ष चुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौहान, ललित राठौर, जिलाध्यक्ष राजीव चावला, अवतार सिंह बिष्ट की मौजूदगी में एक होटल में आयोजित बैठक में पत्रकारों की समस्याओं पर व्यापक मंथन किया गया साथ ही नगर इकाई को भंग कर कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज आर्य पुनः अध्यक्ष, राजकुमार शर्मा महामंत्री, उस्मान अली कोषाध्यक्ष, वीरेन्द्र बिष्ट, सोमपाल कोली, तापस विश्वास, राकेश रावत वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मनीष ग्रोवर, अनिल रावत, मनीष आर्य, दीपक गुप्ता उपाध्यक्ष, शरद पाण्डे , जमील अहमद, विशाल कोली, साक्षी सक्सेना सचिव, संदीप पाण्डे, रजत शर्मा, दीपक शर्मा, अंकुर उपसचिव, मीडिया हैप्पी चौहान, जगदीश चन्द्र संरक्षक चुने गये। कार्यकारिणी सदस्यों में राजीव कुमार, जतिन, कमल सुयाल, हरीश अरोरा को शामिल किया गया। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल चौहान ने पत्रकारों की एकजुटता पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी पत्रकार पत्रकारिता के मानदण्डों का भी खयाल रखें। जिलाध्यक्ष राजीव चावला ने कहा कि संगठन पत्रकारों के हितों के लिए प्रदेश नगर से लेकर प्रदेश स्तर तक मजबूती से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नही किया जायेगा। उन्होंने पत्रकार कालोनी के लिए चिन्हित की गयी भूमि नगर निगम को हस्तांतरित करने पर चिंता व्यक्त की और इसके खिलाफ संघर्ष करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस मुद्दों को जिला प्रशासन से लेकर शासन तक उठाया जायेगा। बैठक में वरिष्ठ पत्रकार एवं अधिवक्ता कुलवीर सिंह ढिल्लो ने जरूरत पड़ने पर संगठन के किसी भी सदस्य का केस निःशुल्क लड़ने की घोषणा की।

निर्वाचक नामावलियों का विस्तृत पुनरीक्षण के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला अधिकारी उदय राज सिंह ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड द्वारा जनपद ऊधम सिंह नगर की समस्त ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) के विस्तृत पुनरीक्षण हेतु संशोधित समय सारणी निर्धारित की गयी है। उन्होंने बताया कि निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूची) का विस्तृत पुनरीक्षण संशोधित समय सारणी के अनुसार ही कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि संगणक द्वारा घर-घर जाकर गणना/सर्वेक्षण का कार्य 20 अक्टू से 25 नवंबर तक करते हुए 26 नवंबर से 29 नवंबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की पाण्डुलिपियां तैयार 30 नवंबर तक पंचास्थानि चुनावालय में जमा कर ली जाएंगी। 01 दिसंबर से 28 दिसंबर तक प्रारूप नामावलियों की डाटा एंट्री करते हुए 29 दिसंबर से 30 दिसंबर तक प्रारूप निर्वाचक नामावलियों की प्रतियां नोडल अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा मतदान केन्द्रवार तैनात किये गये कर्मचारियों को जन सामान्य के निरीक्षणार्थ उपलब्ध करा दी जाएंगी तथा 31 दिसंबर को निर्वाचक नामावली के आलेख्य का प्रकाशन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावली का निरीक्षण कराना तथा दावा एवं आपत्तियां 01 जनवरी 2025 से 07 जनवरी 2025 तक प्राप्त किये जाएंगे, जबकि उनका निस्तारण 08 जनवरी से 10 जनवरी 2025 तक कर लिया जाएगा। पूरक सूची की पाण्डुलिपियां 11 से 12 जनवरी तक तैयार कर 13 जनवरी तक पंचास्थानि चुनावालय को उपलब्ध करा दी जाएंगी। पूरक सूचियों की डाटा एंट्री कर मूल सूची के साथ संलग्न करने का कार्य 14 से 15 जनवरी तक कर लिया जाएगा। तदुपरांत 16 जनवरी 2025 को तैयार निर्वाचक नामावली को नोडल अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को उपलब्ध कराते हुए 17 जनवरी 2025 को निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन कराया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों में उन सभी व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किये जायेगें जो 01 जनवरी , 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है। उन्होंने बताया कि विस्तृत पुनरीक्षण के दौरान सार्वजनिक अवकाश दिवसों में भी संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे तथा निधारित समय के अनुसार ही कार्यवाही पूर्ण करायी जाएगी, तथा समय सीमा नहीं बढायी जाएगी। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण के पश्चात की निर्वाचक नामावलियॉ (मतदाता सूची) ही आगामी सामान्य निर्वाचन/उप निर्वाचन में प्रयोग में लायी जायेंगी।

यूपीसीएल ने उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में दी राहत

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड सरकार के निरंतर प्रयासों और बेहतर विद्युत खरीद प्रबन्धन के चलते उपभोक्ताओं के टैरिफ में कमी आई है। यूपीसीएल ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में शार्ट टर्म मार्केट से सस्ती बिजली खरीदकर 22% की रिकॉर्ड बचत की है। पहले प्रति यूनिट 6.86 की दर थी, जो अब घटकर 5.35 हो गई है। इसका लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाया गया है।बिजली खरीद की औसत दर में कमी के कारण यूपीसीएल ने उपभोक्ताओं के बिलों में राहत प्रदान की है। FPPCA मद में कुल 324 करोड़ की छूट दी गई है। जुलाई से नवंबर 2024 तक यह छूट न्यूनतम 26 पैसे से अधिकतम घ1.01 प्रति यूनिट तक दी गई, जिससे उपभोक्ताओं को सीधा लाभ हुआ है।आवश्यकता पड़ने पर ऊर्जा एक्सचेंज से रियल टाइम में बिजली खरीदी जाएगी, ताकि सम्मानित उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। यूपीसीएल ने कठिन प्रतिस्पर्धा के बीच बेहतर बिजली प्रबंधन और उचित दरों पर उपलब्धता सुनिश्चित की है। उत्तराखण्ड सरकार लगातार हर गांव और घर तक बिजली पहुंचाई जा रही है। उद्योगों, शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों को सुचारू आपूर्ति यूपीसीएल की प्राथमिकता है।

उपचुनाव की मतगणना के लिए 103 कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

रूद्रप्रयाग। केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव की 23 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए 103 कार्मिकों को मतगणना प्रशिक्षण दिया गया। वहीं दूसरी तरफ जिले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस प्रशासन ने भी कमर कस ली है। ब्लॉक सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी सौरभ गहरवार के दिशा-निर्देशन में मास्टर ट्रेनर लोकेंद्र सिंह बिष्ट ने मतगणना के लिए तैनात कार्मिकों को जानकारी दी। उन्होंने ईवीएम की गणना से फार्म 17ए व 17सी से ठीक तरह से मिलान करने को कहा। कहा कि अभिकर्ताओं को भी ईवीएम पर पड़े वोटों को ठीक से दिखाया जाए, जिससे किसी प्रकार की कोई शंका की स्थिति पैदा न हो। ईवीएम और पोस्टल बैलेट मतगणना के लिए कुल 103 कार्मिकों को तैनात किया गया है, जिसमें ईवीएम मतगणना के लिए 17 सुपरवाइजर, 18 सहायक व 20 माइक्रो ऑब्जर्वर और पोस्टल बैलेट मतगणना के लिए 12 सुपरवाइजर, 24 सहायक और 12 माइक्रो ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इधर, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी राहुल चौबे ने पोस्टल बैलेट मतगणना को लेकर जरूरी निर्देश दिए। इस मौके पर मुख्य शिक्षाधिकारी प्रमेंद्र बिष्ट, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी दीप्ति चमोली, ईवीएम नोडल अधिकारी मीनल गुलाटी, माइक्रो आब्जर्वर दीपा बिष्ट आदि मौजूद थे। वहीं रूद्रप्रयाग जनपद में उपचुनाव के लिए निष्पक्ष मतदान को लेकर पुलिस प्रशासन से तैयारियों को लेकर ब्रीफिंग की गई।

अब दिल्ली मार्ग पर चलेंगी बीएस-6 मानक की सभी बसें

देहरादून। दिल्ली बस सेवा के संचालन में हो रही दुश्वारियों को कम करने के लिए परिवहन निगम ने कवायद तेज कर दी है। सोमवार को निगम मुख्यालय ने आदेश दिया कि सभी बीएस-6 बसें केवल दिल्ली मार्ग पर चलाई जाएंगी, जिसकी परमिट ट्रांसफर की प्रक्रिया तत्काल पूरी की जाए। महाप्रबंधक संचालन पवन मेहरा की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए दिल्ली के लिए डीजल और सीएनजी बसों की किल्लत हो गई है। लिहाजा, बेड़े में जितनी भी बीएस-6 (छोटी, बड़ी, सीएनजी, वॉल्वो, अनुबंधित) बसें हैं, वह केवल दिल्ली के लिए संचालित की जाएंगी। इनकी परमिट ट्रांसफर की प्रक्रिया तत्काल पूरी की जाए। उन्होंने मंडलीय प्रबंधकों और सहायक महाप्रबंधकों को आदेश दिए कि वे स्थानीय मार्गों पर बीएस-4 बसों का संचालन सुनिश्चित करें।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चित्र, डिजिटल कैमरा, फेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त करवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolorlab@gmail.com
Web: jagdishcolorlab.com
05944-246817

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षों का अनुभवः-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार, निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द, किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखंड

पीएम मोदी के दिल में बसते हैं बाबा केदार : धामी

मुख्यमंत्री ने आशा नौटियाल के समर्थन में की वोट की अपील : केदारनाथ धाम के साथ पूरी केदार घाटी का हो रहा चहुंमुखी विकास

रूद्रप्रयाग (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को गुप्तकाशी में केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। हजारों की संख्या में आए युवाओं महिलाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने जनता से भाजपा प्रत्याशी आशा नौटियाल के पक्ष में समर्थन देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा आशा नौटियाल जी स्वयं अपना रिपोर्ट कार्ड लेकर चुनाव में खड़ी हुई हैं। आशा नौटियाल जी का लगाव और जुड़ाव इस क्षेत्र से है। उन्होंने कहा एक प्रतिनिधि के नाते आशा नौटियाल जी बीते 3 साल में केदारनाथ क्षेत्र के विकास को लेकर कई बार मेरे पास आई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा क्षेत्र के लिए समर्पित और कर्मठ नेता को इस क्षेत्र से विधायक बनाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में राज्य निरंतर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने बाबा केदारनाथ की भूमि से 21वी सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था। उनके इन शब्दों के अनुरूप क्षेत्र में विकास भी दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा जिस कांग्रेस ने 60 साल तक देश में राज किया, उनका कोई भी प्रधानमंत्री बाबा केदार के धाम में नहीं आया। प्रधानमंत्री मोदी जी देश के पहले प्रधानमंत्री हैं जो 7 बार बाबा केदारनाथ जी के दर्शन करने उत्तराखंड आए हैं। क्योंकि उनके दिल में बाबा केदारनाथ जी बसते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केदारनाथ धाम का भव्य और दिव्य निर्माण कार्य चल रहा है। इस क्षेत्र में 2 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विकास कार्य हो रहे हैं। केदारनाथ धाम के साथ पूरी केदार घाटी का विकास तेजी से किया जा रहा है।इस क्षेत्रों में कई सड़को, पुलो, पार्कों, धार्मिक स्थलों का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार द्वारा संचालित किसान सम्मन निधि योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना, जैसी अनेकों योजनाओं ने लोगों के जीवन को बेहतर करते हुए आगे बढ़ाने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के समय में केदारनाथ आने वालों की संख्या लगातार घटती जा रही थी, पर आज डबल इंजन की भाजपा सरकार में यात्रियों की संख्या हर साल निरंतर बढ़ती जा रही है। लगातार इसमें बढ़ोतरी हो रही है। इस साल 16 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने केदारनाथ की यात्रा की है। उन्होंने कहा यात्रा समय में आने वाली दिक्कतों को दूर करने हेतु हम कार्य कर रहे हैं। हम जल्द ही यात्रा प्राधिकरण बनाने वाले हैं और चार धाम यात्रा का संचालन व्यवस्थित तरीके से करने हेतु कार्य करेंगे। उन्होंने कहा यात्रा प्राधिकरण से पहले सभी हितधार को को तीर्थ पुरोहितों होटल व्यापारियों दुकानदारों घोड़ा खच्चर संचालको की राय लेंगे। यात्रा शुरू होने से 2 महीने पहले सभी व्यापारियों को अनुमति देने का काम करेंगे, जिससे किसी को दिक्कत का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि केदारनाथ क्षेत्रों के अन्य सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का आवागमन बना रहे इसके लिए भी व्यवस्थित तरीके से कार्य किया जाएगा। मदमहेश्वर धाम की यात्रा को भी केदारनाथ धाम की यात्रा के अनुरूप विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा के समय में वो स्वयं ग्राउंड जीरो में जाकर जनता के साथ खड़े रहते हैं। इस बार भी केदारनाथ में आपदा के दौरान 16 हजार यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। व्यापारियों को हुए नुकसान की भरपाई राज्य सरकार ने 10 करोड़ की धनराशि से की है। 2013 आपदा में कांग्रेस सरकार ने जनता के जीवन के साथ खिलवाड़ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा महिलाओं का सम्मान किया है। उन्होंने कहा आशा नौटियाल जी को टिकट देकर भाजपा ने महिलाओं के सम्मान को भी दर्शाया है। राज्य सरकार ने सरकारी नौकरियों में भी 30 प्रतिशत आरक्षण माताओं बहनों के लिए किया है। महिलाओं के सशक्ति करण के लिए राज्य सरकार संकल्पित है। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक, भाजपा प्रत्याशी श्रीमती आशा नौटियाल, भाजपा जिला अध्यक्ष महावीर, विधायक भरत चौधरी, आदित्य कोठारी, चंडी प्रसाद भट्ट, दिनेश उनियाल, दिलीप रावत महंत, कुलदीप रावत, राजकुमार तिवारी एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

सीएम धामी ने गुप्तकाशी बाजार में खरीदी जैकेट,दुकानदार ने पिलाई चाय

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुप्तकाशी बाजार में शॉपिंग कर पहाड़ के प्रति अपनत्व की भावना जगजाहिर कर दी। इस दौरान मुख्यमंत्री को दुकान में बड़ी सादगी के साथ खरीदारी करते देख हर कोई हैरान रह गया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि पहाड़ के बाजार हमारे गांव और कस्बों की आर्थिकी की रीढ़ है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को केदारनाथ उप चुनाव को लेकर गुप्तकाशी पहुंचे थे। यहां राजनीतिक कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री धामी कालीमठ मंदिर में दर्शन को गए। यहां से दर्शन कर लौटते वक्त अचानक मुख्यमंत्री ने गुप्तकाशी बाजार में अपनी फ्लीट रोकी और सीधे कपड़ों की दुकान में पहुंच गए। मुख्यमंत्री को आते देख दुकानदार अपने काउंटर से मुख्यमंत्री का स्वागत-सत्कार करने लगे। मुख्यमंत्री ने दुकानदार की कुशलक्षेम पूछी और एक जैकेट दिखाने को कहा। कुछ देर तक दुकानदार हैरान रह गया। लेकिन जब मुख्यमंत्री के स्टाफ भी पीछे से दुकान पहुंचे तो मुख्यमंत्री ने जैकेट देखनी शुरू कर दी। इस दौरान दुकानदार ने मुख्यमंत्री से चाय पीने का अनुरोध किया तो मुख्यमंत्री ने सहज स्वीकार किया। बाद में मुख्यमंत्री धामी ने जैकेट खरीदकर दुकानदार को जैकेट के दाम चुकाए और धन्यवाद दिया। इस दौरान दुकानदार प्रदीप कुमार ने मुख्यमंत्री का आभार जताया और कहा कि 31 साल की दुकानदारी में इतने सरल, सौम्य और सादगी वाले नेता नहीं देखे।

उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता से होगा समाधान: डीएम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी उदयराज सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में उद्योग मित्र की बैठक आयोजित हुई। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि औद्योगिक संस्थानों की समस्याओं पर विशेष ध्यान देते हुए प्राथमिकता से समाधान किया जाये। बैठक में औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि शासन द्वारा आबकारी विभाग द्वारा मैथनॉल के लाईसेन्स की वैधता को हटा दिया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने आबकारी अधिकारी को निर्देश दिये कि दो दिन के औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर शासन द्वारा जारी जीओ का अध्ययन कर अवगत कराये ताकि मैथनॉल के लाईसेंस की प्रक्रियां को जनपद स्तर से हटाने पर कार्यवाही की जा सकें। औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों ने अवगत कराया कि पारले चौक, ब्रिटानिया चौक व मैट्रोपोलिस मॉल के नेशनल हाईवे को पार करने के लिए एनएचएआई द्वारा फुट ओवर ब्रीज का निर्माण किया जाना था जो अभी तक प्रारम्भ नही हुआ है। जिस पर पीडी एनएचएआई ने अवगत कराया कि फुट ओवर ब्रीज बनाने हेतु सभी कार्यवाही पूर्ण कर डिजाइन को निर्माण एजेन्सी को सौप दिया गया है एवं निर्माण कार्य शीध्र प्रारम्भ कर दिया गया है। जिस पर जिलाधिकारी ने फुट ओवर ब्रीज के निर्माण कार्यो में देरी होने पर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुये पीडी एनएचएआई को निर्देश दिये कि फुट ओवर ब्रीज के निर्माण का पूरी डिटेल टाइम लाईन बनाकर दो दिन के भीतर प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने पूर्व में आयोजित बैठक के सभी बिन्दुओं पर आ रही समस्याओं को लेकर विस्तृत चर्चा कर उनके निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने लंबित उद्योगों की समस्याओं को लेकर नाराजगी व्यक्त व्यक्त करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये की ऐसे कार्य जो कि शासन स्तर पर लंबित है उनके लिए पुनः स्मारक पत्र भेजा जाए व अपने स्तर पर लंबित कार्यों की समय सीमा तय कर उन्हें ससमय संपादित किया जाये। उद्यामियों द्वारा औद्योगिक आस्थांन सिडकुल सितारगंज में सड़क किनारे अवैध कब्जा कर छोटी-छोटी दुकाने बनाई गई है जिससे कर्मचारी व वाहनों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने अतिक्रमण को हटाने का अनुरोध किया जिस पर जिलाधिकारी ने आरएम सिडकुल, लोनिवि व पुलिस को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। औद्योगिक संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा अवगत कराया कि रूद्रपुर स्थित ग्राम कुरैया व सितारगंज औद्योगिक पार्क में निर्माणाधीन पावर सब स्टेशन को शीघ्र प्रारम्भ करने का अनुरोध किया। जिस पर अधिशासी अभियंता विद्युत ने बताया कि सितारगंज औद्योगिक पार्क में 12 नवम्बर से पावर सब स्टेशन को संचालित कर दिया गया है एवं नवम्बर माह के अंत तक ग्राम कुरैया में पावर सब स्टेशन संचालित कर दिया जायेगा। बैठक में उप जिलाधिकारी/आरएम सिडकुल रूद्रपुर मनीष बिष्ट, पीडी एनएचएआई विकास मित्तल, आरएम सिडकुल काशीपुर कमल किशोर, अधिशासी अभियंता विद्युत उमाकांत चतुर्वेदी, क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड नरेश गोस्वामी, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार, उप प्रभागीय वनाधिकारी अनिल जोशी, सहायक श्रमायुक्त मीनाक्षी भट्ट, एसीएमओ डॉ0 डीपी सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, केजीसीसीआई से आरके गुप्ता, अशोक बंसल, एसईडब्ल्यूएस के अध्यक्ष श्रीकर सिन्हा, सहित अनेक उद्यमि व अधिकारी उपस्थित थे।

यूट्यूबर से रंगदारी मांगने वाला गिरफ्तार

हल्द्वानी । यूट्यूबर सौरभ जोशी से दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने वाले शातिर युवक को पुलिस ने 12 घंटे में गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया है। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा ने बताया कि यूट्यूबर सौरभ जोशी निवासी ओलिविया कालोनी रामपुर रोड ने कोतवाली हल्द्वानी में आकर लिखित तहरीर देते हुए कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने खुद को लॉरेन्स विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर उन्हें धमकी भरा पत्र भेजकर दो करोड़ रूपये की रंगदय मांगी है और पैसे न देने पर उसको व उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार करने हेतु एक कुशल योजना बनाकर मात्र 12 घण्टे के अन्दर ही ओलिविया कालोनी के पास गिरफ्तार कर लिया।आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार शातिर अभियुक्त अरूण कुमार पुत्र पूरन सिंह निवासी थान पुर पोस्ट ऑफिस डावरी थाना फेजगंज तहसील बिसौली जिला बदायूं उत्तर प्रदेश का है। आरोपी की सुरागरसी पतारसी के दौरान आरोपी के सम्भावित ठिकानों पर दबिश दी गयी तो पुलिस टीम को यह जानकारी प्राप्त हुई कि आरोपी इससे पूर्व जिला मौहाली के जिरकपुर क्षेत्र में स्थित रेडिसन होटल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। होटल में नौकरी में शिकायत मिलने पर होटल प्रबन्धक द्वारा अभियुक्त को नौकरी से निकाल दिया गया। जिस कारण आरोपी ने अधिक पैसा कमाने के लालच में शॉर्टकट टिक अपनाई और खुद को लॉरेन्स विश्नोई गैंग का सदस्य बताकर धमकी भरा पत्र भेजकर यूट्यूबर सौरभ जोशी से दो करोड़ रूपये की रंगदय मांगी। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 भुवन सिंह राणा चौकी प्रभारी मण्डी, उ0नि0 जगदीप सिंह नेगी चौकी प्रभारी टीपीनगर, उ0नि0 संजीत राठौर प्रभारी एसओजी, हे0कानि0 इसरार नवी सर्विलांस सैल, हे0कानि0 ललित श्रीवास्तव एसओजी, कानि. चन्दन नेगी एसओजी, कानि0 अरविंद बिष्ट एसओजी, कानि0 ललित मेहरा कोतवाली शामिल हैं। एसएसपी द्वारा घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस टीम को 2500 रूपये की धनराशि से पुरष्कृत करने की घोषणा की गयी है

नेशनल ओलंपिक्स में रूद्रपुर के डॉक्टरों ने लहराया परचम

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। छत्रपति संभाजीनगर औरंगाबाद मे तीन दिवसीय आईएमए के तत्वाधान में आयोजित हुई आईएमए नेशनल डॉक्टर्स ओलंपिक्स 2024 में रुद्रपुर के डॉक्टरों ने शहर का नाम रोशन किया। तीनों डाक्टर का वापसी पर स्वागत किया गया। डॉ नीरजा पंत ने महिला वर्ग में गोला फेंक और तवा फेंक में स्वर्ण पदक जीते। जबकि डॉ मनोरंजन पंत ने पुरुष वर्ग में 100 मीटर फर्राटा दौड़ में स्वर्ण पदक और 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते। इसके साथ ही डॉक्टर शिवकी ने महिला वर्ग में 100 मीटर फर्राटा में स्वर्ण और 200 मीटर दौड़ में रजत पदक जीते। यह जानकारी आईएमए रुद्रपुर अध्यक्ष डॉ रवि प्रकाश फुटेला और सचिव डॉक्टर नूतन जैन ने दी।उन्होंने बताया कि समाज को स्वस्थ रहने की हिदायत देने वाले हमारे ये डॉक्टर्स अपनी कथनी पर खरे उतरने का जीता जागता उदाहरण हैं। नेशनल ओलंपिक्स में प्रतिभाग कर वापस लौटे तीनों चिकित्सकों का स्वागत किया गया।

जेसीज के हर्षवर्धन और लक्ष्य ने बैडमिंटन में किया नाम रोशन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के बारहवीं कक्षा के हर्षवर्धन बिष्ट और दसवीं कक्षा के लक्ष्य बिष्ट ने युगल स्पर्धा में प्रथम स्थान तथा टीम इवेंट में रनर अप रहकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता 2024 का आयोजन उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के सुअवसर पर किया गया ।इस प्रतियोगिता का आयोजन जिला क्रीड़ा अधिकारी द्वारा जिला खेल कार्यालय हल्द्वानी नैनीताल में 7 नवंबर से 9 नवंबर 2014 तक किया गया था ।इस प्रतियोगिता में 254 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया जिसमें जेसीज पब्लिक स्कूल रुद्रपुर के हर्षवर्धन बिष्ट और लक्ष्य बिष्ट ने टीम इवेंट में रनर अप तथा व्यक्तिगत स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के महासचिव श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर ने विजेता प्रतिभागियों और उनके प्रशिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों प्रतिभा को निखारने में सहायता करती हैं। जिससे उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के अनेक अवसर प्राप्त होते हैं। विद्यालय के निदेशक सुधांशु पंत, प्रधानाचार्य प्रवेश मेहरा और समस्त शिक्षकों ने विजयी प्रतिभागियो को बधाई और शुभकामनाएं प्रदान की।

नक्शा पास कराने में जनता को ना करें अनावश्यक परेशान: प्रेम चन्द

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रदेश के शहरी विकास मंत्री डॉ0 प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधानसभा स्थित सभागार कक्ष में उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। मंत्री ने कहा कि प्रदेश भर के प्राधिकरणों की समय-समय पर समीक्षा बैठकें की जाती रही हैं जिसमें उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के अंतर्गत किये जा रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि किच्छा में लगभग 09 करोड़ 63 लाख रूपये में बस अड्डे का निर्माण किया जा रहा है जबकि खटीमा में लगभग 08 करोड़ 27 लाख रूपये में बस अड्डा लगभग पूर्ण होने की कगार पर है वहीं काशीपुर में पन्त पार्क का निर्माण भी लगभग पूर्ण हो चुका है। इसके साथ ही खटीमा में लगभग 25 लाख रूपये के दीनदयाल पार्क का निर्माण कार्य भी पूर्ण हो चुका है। खटीमा में लगभग 01 करोड़ रूपये से निर्मित कुष्ठ आश्रम का कार्य भी पूर्ण हो चुका है। आवास विकास मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास विकास योजना के अंतर्गत 1872 ईडब्ल्यूएस आवासों को 31 मार्च 2025 तक पूर्ण करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर में लगभग 51 करोड़ रूपये की लागत से बनने वाले ट्रांसपोर्ट नगर को विकसित किये जाने हेतु 46 एकड़ भूमि उपलब्ध करायी गई है जिसपर कार्ययोजना तैयार की जा रही है तथा जल्द ही इस पर कार्य प्रारंभ किया जायेगा। मंत्री ने कहा कि आवास विकास विभाग द्वारा दो प्रकार के नक्शों की स्वीकृति प्रदान की जाती है जिसमें आवासीय भवनों हेतु 15 दिन तथा व्यावसायिक भवनों के नक्शों को 01 माह के अन्दर स्वीकृति प्रदान की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नक्शों पर एक ही बार में आपत्तियां लगाई जाएं तथा उपभोक्ताओं को किसी भी तरह से अनावश्यक परेशान न किया जाए। मंत्री ने कहा कि उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत काफी समय से स्टाफ की कमी बनी हुई थी वर्तमान में जेई की 07 नियुक्तियां उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण में की गई हैं जिससे विकास कार्यों में तेजी के साथ-साथ पारदर्शिता भी बनी रहेगी। मंत्री ने कुछ नये विकास कार्यों जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में वेयरहाउस निर्माण, रूद्रपुर में रोड बाईडिंग का कार्य, नगर निकाय क्षेत्रों में पार्कों के सौन्दर्यीकरण आदि के लिए भी अधिकारियों को कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये। आवास विकास मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा कार्यों को ससमय पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से नवाचार को बढ़ावा देने की भी अपील की। उन्होंने उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत हो रहे विकास कार्यों को जनता के बीच फ्लैस, बोर्ड, होर्डिंग तथा स्लाइड आदि के माध्यम से प्रचारित करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष, उधमसिंह नगर जिला विकास प्राधिकरण, जयकिशन, सचिव पंकज उपाध्याय तथा अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

पदक विजेता खिलाड़ी से झपटा मोबाईल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आवास विकास चौकी क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने सेपक टकरा के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल करने वाले खिलाड़ी का मोबाइल झपट लिया और फरार हो गए। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस को दी तहरीर में आवास विकास निवासी शिवम नेगी ने बताया कि वह कल्याणी व्यू स्थित एकेडमी में सेपक टकरा खेल का अभ्यास करता है। रविवार की शाम वह अभ्यास खत्म कर पैदल घर की ओर जा रहा था। आवास विकास गुरुद्वारे के पास बिना नंबर की बाइक पर दो अज्ञात युवक आए और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी खंगालते हुए बदमाशों की पहचान की जा रही है।शिवम नेगी ने बताया कि उसने आंध्र प्रदेश में हुई सेपक टकरा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है

किच्छा में हो रहा है तेजी से विकास: बेहड़

जनसंवाद के तहत क्षेत्रवासियों ने रखी बेहड़ के समक्ष समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने कहा कि किच्छा में उनके प्रयासों से बहुत तेजी से विकास हो रहा है । वे किच्छा शहर व् ग्रामीण क्षेत्र में बराबर विकास करा रहे है क्षेत्रवासियों द्वारा जो भी समस्याएं उनके संज्ञान में लायी जाती है वे प्राथमिकता के आधार पर वे उनका निदान अवश्य कराते है। लगतार वे विधासनभा का दौरा कर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनने उनके गाँव और वार्डो में जन्सवाद कार्यक्रम के माध्यम से मिल रहे है व उनकी समस्याओं को सुन कर निदान करा रहे है। बेहड़ ने कहा मेरा पूरा प्रयास है की विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्रवासी की छोटी-बड़ी समस्याओं का निदान कराया जाए। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री ओर विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास किच्छा स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान हेतु आवशयक कार्यवाही की । जनसंवाद कार्यक्रम के तहत क्षेत्रवासियों ने उन्हें अपनी राशन कार्ड, पेंशन,आर्थिक सहायता, बिजली, स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याओं से अवगत कराया ।इस दौरान वार्ड न०-04 किच्छा से मुन्नी देवी,पार्वती देवी,भागीरथी देवी, धर्मपाल मौर्य,सुनील सागर,छोटेलाल, मोहन मिश्रा,आदि ने सडक व नाली निर्माण हेतु,वार्ड न०-05 से कुसुम, पुनीता, ममता,आशा,कलावती ने 300 मीटर तथा गुरचरण सिंह,राकेश ,बलदेव,देवकीनंदन ,शारदा,गगन कोली आदि ने हसली नदी शिवमंदिर से बैराज शिव मंदिर तक 1.5 किलोमीटर सड़क निर्माण की मांग रखी,वार्ड न०-10 निवासियों ने डाबर रोड,सोनेरा निवासियों ने 55 मीटर सडक निर्माण,मल्ली देवरिया से पंकज शर्मा ने नालंदा रोड से 200 मीटर सड़क निर्माण , वार्ड न०-07 से शहनाज ,मुन्नी,शकीना, विस्मिल्ला आदि ने राशन कार्ड बनाएं जाने हेतु आग्रह किया द्य ग्राम छिनकी के निवासियों ने 40 कनेक्शनो की विधुत पूर्ति हेतु एक ट्रान्सफार्मर लगाए जाने हेतु अजीम रजा आरिफअली,नन्हे, रहमान,नाजिम,शाहिद,गुलशन बी, युनिश , अलिफा, आरिफ, भूरा, नन्हे, तस्लीम आदि उपस्थित रहे । विधायक बेहड़ ने अधिकाँश समस्याओं का मौके पर ही निश्तारण किया तथा शेष समस्याओं के निस्तारण हेतु दिशा निर्देश जारी किये

रासलीला पूजन का हुआ समापन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मोहनपुर नंबर एक में श्री श्री राधा गोविंद ज्योति कमेटी की ओर से आयोजित भगवान श्री राधा कृष्ण रास लीला पूजन के समापन कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर आयोजकों ने पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल को अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में ठुकराल ने सुंदर धार्मिक आयोजन की सराहना करते हुए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को धर्म की राह पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि धार्मिक आयोजनों से युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और परंपरा को जानने का मौका मिलता है। साथ ही धार्मिक आयोजन समाज में आपसी सदभाव और भाईचारे का भी विकास करते हैं। उन्होनें कहा कि सभी को ऐसे आयोजनों में बढ़चढ़कर भागीदारी करनी चाहिए साथ ही उन्होंने हिंदू संस्कृति को बचाने के लिए एकजुटता का आहवान भी किया। इस अवसर पर आयोजन कमेटी के अध्यक्ष अशोक विश्वास, उपाध्यक्ष कन्हाई चन्द्र पाल, सचिव शिवपद मण्डल, कोषाध्यक्ष समीर सिकदार, अजीत सिकदार, उप कोषाध्या कार्तिक बाला, मेला प्रभारी कालाचंद सिकदार, संरक्षक सोनू सरकार, सम्पूर्ण प्रभारी परितोष हाल्दार, अजय नारायण सिंह, जुगराज सिंह जग्गा, आकाश बठला, सत्ता गुम्बर, रजत गुम्बर, मोनू चीमा, सुदीप ठाकुर आदि मौजूद थे।

उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

मणिपुर में हिंसा का तांडव

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी मणिपुर में हिंसा की शुरुआत के डेढ़ वर्ष से ज्यादा बीत चुके हैं, मगर आज भी वहां अराजकता बेलगाम और सरकार लाचार खड़ी दिखती है। आखिर क्या वजह है कि हर कुछ रोज बाद हिंसा की बड़ी घटनाएं एक तरह से सरकार के सामने चुनौती देती हुई लग रही हैं और उस पर काबू पाने में वहां का प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। कुछ दिन पहले वहां गंभीर हिंसक घटनाओं का नया दौर फिर से शुरू हो गया है और आम लोगों की जान जा रही है।हाल ही में एक महिला की हत्या करके उसका घर जला दिया गया था। उसके बाद एक अन्य शिविर से छह लोग लापता हो गए। बाद में उनके शव मिलने की खबरें आईं। अब स्थानीय लोगों के बीच सरकार की इस व्यापक नाकामी के खिलाफ गुस्सा भड़क गया है और इस तरह हिंसा का दायरा अब और फैलता जा रहा है। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि वहां कुछ लोगों ने अब विधायकों और मंत्रियों के घरों में आग लगाना शुरू कर दिया है। शनिवार और रविवार को कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर लोगों की भीड़ ने हमला किया, आग लगा दी और बड़े पैमाने पर तोड़फोड़ की। यह समझना मुश्किल नहीं है कि कुकी और मैतेई समुदायों के बीच लंबे समय से चल रही हिंसा के बाद अब लोगों का गुस्सा सरकार खिलाफ भड़क रहा है और नेता भी हमलों के निशाने बनने लगे हैं। निश्चित रूप से यह स्थिति किसी भी हाल में उचित नहीं मानी जा सकती, मगर ताजा हिंसा से यही लगता है कि इसमें शामिल दोनों समुदाय अब शायद इससे ऊब रहे हैं और उनका आक्रोश सरकार और राजनीतिक तबके के खिलाफ फूट रहा है। सवाल है कि किसी भी सरकार को अपना समूचा सुरक्षा तंत्र झोंकने के बाद हिंसक घटनाओं पर काबू पाने में कितना वक्त लगना चाहिए? पिछले वर्ष मई महीने में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा दिए जाने के सवाल पर दो समुदायों के बीच जिस हिंसक टकराव की शुरुआत हुई थी, उसमें अब तक सवा दो सौ से ज्यादा लोग मारे जा चुके हैं। राज्य सरकार की पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों के साथ-साथ सेना तक ने वहां मोर्चा संभाला। सुप्रीम कोर्ट और केंद्र सरकार की ओर से शांति कायम करने के लिए कई स्तर पर कवायदें हुईं। मगर हालत यहां तक पहुंच गई है कि अराजकता पर काबू पाना तो दूर, अब मंत्री-विधायकों के घर भी हिंसा की आग का शिकार होने लगे हैं। कहने को शांति कायम करने के मकसद से दोनों पक्षों के बीच बातचीत की प्रक्रिया शुरू कराने का दावा कई बार किया गया, लेकिन आज भी वहां जिस तरह लोगों के घरों पर हमले किए जा रहे हैं, उसमें किसी की हत्या कर दी जा रही है, उससे साफ है कि सरकार की कोशिशें या तो बेमन से की गईं या फिर उसके पीछे कोई स्पष्ट दृष्टि और इच्छाशक्ति नहीं थी। हैरानी की बात यह है कि अब भी सरकार एक तरह से 'सब कुछ सामान्य होने' की मुद्रा में बेफिक्र दिख रही है। वरना क्या कारण है कि राज्य में गृह युद्ध की हालत लंबे वक्त से कायम है, लेकिन केंद्र की ओर से भी राज्य सरकार को जवाबदेह ठहराने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। अब फिर सीआरपीएफ की पचास कंपनियां भेजने का फैसला किया गया है, मगर वहां की हिंसा अब जिस शक्ल में पहुंच गई लगती है, उसके लिए अब बहाने बनाने के बजाय तात्कालिक तौर पर हिंसा को रोक कर उसकी जड़ों को सुलझाने की जरूरत है।

चारधामों के शीतकालीन गद्दीस्थलों पर होगी पूजा अर्चना, यात्री कर सकते हैं दर्शन

चमोली/देहरादून। उत्तराखंड में बदरीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट विधि विधान से बंद होने के साथ ही छह माह के लिए चारधाम यात्रा का पूर्ण रूप समापन हो गया है, लेकिन श्रद्धालुओं को शीतकाल में गद्दीस्थलों पर चारधामों के दर्शन व पूजा अर्चना की सुविधा होगी। साथ ही जो श्रद्धालु यात्रा के दौरान उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित धामों में जाने में असमर्थ हैं, वह गद्दीस्थलों पर दर्शन कर सकते हैं। प्रदेश सरकार भी शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा दे रही, जिससे राज्य में पूरे साल पर्यटन गतिविधियां चलती रहे। केदारनाथ धाम के कपाट 10 मई को खुले और तीन नवंबर को बंद हुए। बाबा केदार की पंचमुखी डोली ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान है। अगले साल अप्रैल-मई में कपाट खुलने से पहले पंचमुखी डोली ऊखीमठ से केदारनाथ धाम के लिए प्रस्थान करेगी। शीतकाल में बाबा केदार की पूजा अर्चना ऊखीमठ में होती है। यहां पर श्रद्धालु बाबा केदार के दर्शन व पूजा अर्चना कर सकते हैं। बदरीनाथ धाम के कपाट 12 मई को खुले थे और 17 नवंबर को बंद हो गए। धाम से उद्धव व कुबेर की डोली पांडुकेश्वर योग बदरी में विराजमान हो गईं हैं, जबकि 19 नवंबर को आदि गुरु शंकराचार्य की गद्दी जोशीमठ स्थित नृसिंह मंदिर में

पहुंचेगी। पांडुकेश्वर व जोशीमठ में शीतकाल में श्रद्धालु भगवान बदरी विशाल की पूजा अर्चना व दर्शन कर सकेंगे। श्री बदरीनाथ - केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश गौड़ ने बताया कि श्री उद्धव जी एवं कुबेर जी शीतकाल में योगबदरी पांडुकेश्वर प्रवास करेंगे तथा आदि गुरु शंकराचार्य जी की पावन गद्दी कल मंगलवार 19 नवंबर पूर्वाह्न 10 बजे को योग बदरी पांडुकेश्वर से प्रस्थान कर श्री नृसिंह मंदिर ज्योर्तिमठ स्थित गद्दी स्थल पहुंचेगी इसी के साथ योग बदरी पांडुकेश्वर तथा श्री नृसिंह मंदिर ज्योर्तिमठ में शीतकालीन पूजायें भी शुरू हो जायेगी।यमुनोत्री धाम के कपाट हर साल अक्षय तृतीय पर खुलते हैं। इस साल 10 मई को कपाट खुलने के साथ चारधाम यात्रा शुरू हुई। तीन नवंबर को मंदिर के कपाट बंद हुए। अगले साल कपाट खुलने तक मां यमुना डोली खरशाली स्थित यमुना मंदिर में विराजमान है। जहां पर नियमित पूजा अर्चना की जाती है। गंगोत्री धाम के कपाट 10 मई को खुले थे। दो नवंबर को विधि विधान से बंद किए गए। शीतकाल में मां गंगोत्री मुखवा में विराजमान होती है। जहां पर श्रद्धालु अगले साल कपाट खुलने तक पूजा अर्चना व दर्शन कर सकते हैं। इस बार चारधाम में यात्रियों की संख्या नये रिकार्ड को पार गई है। केदारनाथ धाम में16,52,070, बदरीनाथ धाम में 14,35,401, गंगोत्री में 8,18,273, यमुनोत्री में7,14,779 तथा हेमकुंड साहिब में 1,83,692 यात्रियों ने दर्शन किये। बदरी-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने कहा कि केदारनाथ व बदरीनाथ धाम के शीतकाल गद्दी स्थलों पर श्रद्धालुओं को दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना की सुविधा है। बीकेटीसी शीतकालीन यात्रा को बढ़ावा देने के लिए गद्दी स्थलों पर बुनियादी सुविधाओं व अवस्थापना विकास के कार्य कर रही है।

सीएम धामी ने गैरसैण में लिया विकास कार्यों का फीडबैक

भराड़ीसैंण(उद संवाददाता)। सोमवार को देर सायं अचानक सीएम पुष्कर सिंह धामी प्रदेश की ग्रीष्मकालीन राजधानी गैरसेंण भराड़ीसैण पहुंचे थे। मंगलवार सुबह उनके द्वारा भराड़ीसैण में प्रात: काल भ्रमण के दौरान विधानसभा, भराड़ीसैंण में जिलाधिकारी, चमोली सहित अन्य अधिकारियों से बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत संचालित विकास कार्यों, इस वर्ष की यात्रा व जनपद चमोली से संबंधित अन्य विकास व जनकल्याण के कार्यों के विषय में जानकारी ली। अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्ण कार्य पर विशेष ध्यान देने हेतु निर्देश दिए। इससे पूर्व मुख्यमंत्री श्री पुष्कर

सिंह धामी गत दिवस केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव प्रचार के विभिन्न कार्यक्रमों एवं जनसंवाद के उपरांत बिना किसी पूर्व निर्धारित कार्यक्रम, प्रोटोकॉल अथवा सुरक्षा व्यवस्था के गैरसैंण पहुंचे। राज्य गठन के पश्चात किसी भी मुख्यमंत्री द्वारा इस प्रकार बिना पूर्व सूचना के गैरसैंण का दौरा नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री का बार-बार गैरसैंण आगमन इस क्षेत्र के प्रति उनकी विशेष संवेदनशीलता एवं जुड़ाव को स्पष्ट करता है। यह उनके समावेशी दृष्टिकोण, जमीनी स्तर पर सक्रिय नेतृत्व एवं राज्य के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

धूमधाम से मनाया बाबा श्री चंद जी का जन्मदिन

गदरपुर(उद संवाददाता)। उदासीन संप्रदाय के संस्थापक एवं गुरुनानक देव जी के सुपुत्र बाबा श्री चंद जी का जन्मदिन पर हर वर्ष की भांति ग्राम मुकंदपुर डेरा,तहसील गदरपुर, उधम सिंह नगर में श्रद्धा भावना एवं धूमधाम से मनाते हुए सर्वत्र सुख शांति की अरदास के उपरांत गुरु का लंगर आयोजित किया गया। समागम का शुभारंभ श्री गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ के भोग के उपरांत किया गया रागी भाई नवनीत सिंह द्वारा,धुर की बाणी आई,तिन सगली चिंत मिटाई ,के अलावा अन्य शब्द कीर्तन गायन किया रानी राजपुर से आए बाबा गुरुउपदेश सिंह जी द्वारा बाबा श्री चंद जी के उदासीन संप्रदाय स्थापित किए जाने का इतिहास वर्णित करते हुए सभी संगत को उनके नाम स्मरण एवं समाज भलाई के कार्यों जैसे आदर्शों पर चलने का आह्वान किया गया ।बाबा सुखपाल जी द्वारा गुरबाणी के भेद बताते हुए सभी संगत को जीवन में उच्च पदवी प्राप्त करने हेतु तन मन धन गुरु को अर्पित करने की अपील की गई। प्रचारक भाई कर्म सिंह द्वारा पांच बाणियों का नितनेम हर सिख के लिए आवश्यक बताते हुए सभी को

रोजाना करने के साथ अमृत छककर पंच ककार के धारनी बनने का निवेदन किया गया । कार्यक्रम का संचालन करते हुए बाबा गुरमुख सिंह ने जीवन में उच्च आदर्शों की प्राप्ति के लिए गुरुमुखी अक्षर ज्ञान प्राप्त कर समाज भलाई केघ कार्यो में सहयोग की अपील की।कथावाचक गुरदेव सिंह ने कहा, हम प्राचीन इतिहास की परंपरा के अनुसार गुरु की शिक्षाओं को आत्मसात करें तभी हम गुरु की कृपा के पात्र बन सकते हैं । कथावाचक देवेंद्र सिंघ द्वारा कहा गया कि श्री गुरु नानक देव जी द्वारा चलाए गए निर्मल पंथ के अनुसार नाम जपना,किरत करनी और बांटकर खाना जैसे आदर्श को अपने जीवन में संचालित करें उन्होंने गुरु नानक देव जी एवं बाबा श्री चंद जी की शिक्षाओं को भी वर्णित किया । कार्यक्रम समापन पर डेरा बाबा श्री चंद जी के मुख्य सेवादार बाबा जोगा सिंह ने बाबा गुरुउपदेश सिंह ,बाबा सुखपाल जी, भाई करम सिंह एवं दूर दराज से आई धर्मप्रेमी संगत को कार्यक्रम अनुसार पहुंचने का धन्यवाद किया। कार्यक्रम समापन पर बाबा गुरु उपदेश द्वारा सर्वत्र सुख शांति तथा श्रद्धालुओं की मनोकामनाओं की अरदास की गई । इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सुभाष गुंबर, सुभाष बेहड़, राकेश भुड्डी, रविंद्र बजाज,अनिल सिंह,चंद्रा सिंह, प्रीत ग्रोवर,मनोज गुंबर, जितेंद्र सिंह, इंद्रजीत सिंह ,दर्शन सिंह, अविराज सिंह, अंशदीप,वंशदीप, सिद्धार्थ सिंह, धर्मेंद्र सिंह,साहिब सिंह ,लक्खा सिंह,छिंदा सिंह, बसंत सिंह,निर्मल सिंह जस्सा सिंह,प्रताप सिंह,परमजीत सिंह,हरदीप सिंह,केहर सिंह,राजवीर कौर,बेअंत कौर, बलजिंदर कौर,लखविंदर कौर, बलबीर कौर सहित तमाम संगत श्रद्धालु मौजूद रहे ।

जमीन बेचकर हड़पे 51 लाख रुपये,दंपती और प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज

देहरादून। जालसाजों ने एक व्यक्ति को पर्ल्स ग्रुप की जमीन ही बेच डाली। उनसे जमीन की कीमत और निर्माण कार्य के लिए कुल 51 लाख रुपये ले लिए। बाद में जब सच्चाई का पता चला तो आरोपी पैसा देने से भी मुकर गए। अब पीड़ित की शिकायत पर दंपती और एक प्रॉपर्टी डीलर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसओ रायपुर प्रदीप नेगी ने बताया, शिकायत हरीश चंद निवासी बौसाड़, सैंजी, जिला चमोली ने की है। बताया, 14 जनवरी 2022 को आशुतोष वर्मा नाम के प्रॉपर्टी डीलर ने आमवाला तरला में एक जमीन दिखाई थी। जमीन के मूल मालिक देवेंद्र कुमार गंगवार और उसकी पत्नी निधि गंगवार को बताया गया था। यह जमीन हरीशचंद्र को पसंद आ गई और इसका सौदा 36 लाख रुपये में कर दिया गया। हरीशचंद्र ने इसके लिए बयाना के तौर पर 10 फीसदी रकम भी अदा कर दी। इसके बाद उनसे 26 मार्च 2022 को बैनामा करने को कहा गया। इससे पहले उन्होंने बची हुई रकम भी गंगवार दंपती को अदा कर दी। इसके अलावा दंपती ने कहा था कि वे इस जमीन पर उनके लिए निर्माण आदि भी कराकर देंगे। इसके लिए भी उन्होंने 15 लाख रुपये अदा कर दिए, लेकिन उन्होंने कोई निर्माण नहीं कराया। साथ ही रजिस्ट्री के बाद उनका दाखिल खारिज भी नहीं कराया गया। हरीशचंद्र उनसे रजिस्ट्री के लिए कहते तो बार-बार टाला जा रहा था। इस पर उन्होंने जमीन की पड़ताल की तो पता चला कि यह जमीन पीएसीएल यानी पर्ल्स ग्रुप की है। इस पर 2015 में ही खरीद बिक्री पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी थी। एसओ ने बताया, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

ब्रेक पैडल के नीचे फंसी पानी की बोतल से नहीं लगे ब्रेक!

देहरादून एक्सीडेंट केस की जांच में बड़ा खुलासा: लग्जरी कार को ओवरटेक के बाद कंटेनर से भिड़ी थी इनोवा

देहरादून। देहरादून के ओएनजीसी चौक पर दुर्घटनाग्रस्त हुई इनोवा कार ने जिस लग्जरी कार को ओवरटेक किया था वह तो कंटेनर देखकर रुक गई, लेकिन ओवरस्पीड इनोवा कार का ब्रेक नहीं लगा और कंटेनर में जा घुसी। स्मार्ट सिटी के कैमरों और अन्य सीसीटीवी कैमरों के विश्लेषण से यह जानकारी अब तक की पुलिस जांच में सामने आई है। ब्रेक क्यों नहीं लग पाए इसकी भी जांच की जा रही है। हालांकि अब तक ब्रेक पैडल के नीचे फंसी पानी की बोतल को ही इसका कारण बताया जा रहा है। इस मसले में परिवहन विभाग से लेकर कंपनी के अधिकारियों ने भी जांच कर ली है। दरअसल, हादसे से कुछ समय पहले क्या हुआ था इस पर चार दिनों तक एक तरह से पर्दा ही था। मौके पर लगा स्मार्ट सिटी का कैमरा खराब पड़ा हुआ था। ऐसे में युवाओं की कार किस स्पीड से वहां तक आई यह जानकारी भी नहीं मिल पाई थी। कार ने लालरंग की एक लग्जरी कार का बल्लूपुर चौक से पीछा करना शुरू किया था। इसका पीछा करते हुए कार की सिनर्जी अस्पताल के सामने से अचानक स्पीड तेज हो गई। बताया जा रहा है कि इसमें इनोवा कार ने लग्जरी कार को एक तरह से ओवरटेक कर लिया। इस बीच जब सामने से कंटेनर दिखा तो लग्जरी कार के चालक ने ब्रेक लगा दिए। लेकिन, इनोवा कार का चालक ब्रेक नहीं लगा पाया। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि कैमरों में कार दिखाई देने के बाद नंबर के आधार पर उसके मालिक को भी बुलाया गया था। उससे पूछताछ की तो पता चला कि उन्होंने कंटेनर देखकर ब्रेक लगा दिए थे और इनोवा आगे चलकर इससे टकरा गई। मौके पर उन्होंने पुलिस और अन्य लोगों की मदद भी की थी। इसके बाद कार को लेकर चालक और उसका साथी सिनर्जी अस्पताल के बाहर तक भी गए थे। पूछताछ में पता चला है कि कार चालक अपने किसी रिश्तेदार को देखने मैक्स अस्पताल जा रहा था। अभी मामले की पड़ताल की जा रही है। पुलिस पूछताछ में घटना के समय दोनों वाहन चालकों का आपस में कोई परिचय होना नहीं पाया गया। दोनों वाहनों में रेस के तथ्यों की भी जांच की जा रही है।

पिथौरागढ़ में सेना भर्ती के लिए बसों में उमड़ी भीड़

20 और 21 नवंबर को होगी भर्ती,25 अतिरिक्त बसों को लगाया

चंपावत। पिथौरागढ़ में प्रादेशिक सेना की भर्ती में हिस्सा लेने के लिए यूपी के अधिकतर जिलों से चार हजार से अधिक युवाओं के ट्रेन, बस व अन्य वाहनों से पहुंचते ही चंपावत रोडवेज परिसर में अफरातफरी मच गई। बरेली, पीलीभीत, बदायूं आदि स्थानों से पिथौरागढ़ में सेना भर्ती में शामिल होने जा रहे राजवीर सिंह, सुख राम, किशोरी लाल, दलीप कुमार, राम चंदर, विपुल यादव, संदीप यादव आदि का कहना था कि पिथौरागढ़ में चल रही सेना भर्ती में शामिल होने के लिए वह घर से निकले थे।सोमवार को जैसे-तैसे वह टनकपुर तक पहुंचे। टनकपुर से बमुश्किल लोहाघाट आने के लिए वाहन मिला। लोहाघाट से पिथौरागढ़ जाने के लिए कोई वाहन नहीं मिल पाया। उन्होंने बताया कि आधे रास्ते में पिथौरागढ़ जाने वाले वाहन मिलने की आस में वे पैदल निकल रहे हैं। पिथौरागढ़ एनएच, टैक्सी स्टैंड और पीलीभीत चुंगी पर भी दिनभर युवाओं का रेला बसों के आते ही इनमें सीट पाने के लिए आगे-पीछे दौड़ता रहा। रुक-रुककर पिथौरागढ़ और लोहाघाट आदि की बसों के आते ही ये युवा उन पर टूट पड़ते। सुबह के समय हाईवे पर बस न मिलने पर युवा सड़क पर बैठ गए। इससे वहां जाम लग गया।

बमुश्किल पुलिस ने युवाओं को हटाया। पिछले तीन दिनों से पिथौरागढ़ में प्रादेशिक सेना भर्ती के लिए अलग-अलग प्रदेशों के युवा उमड़ने पर रोडवेज प्रशासन को अतिरिक्त बसों का संचालन करना पड़ रहा था। यूपी के युवाओं के लिए 20 और 21 नवंबर को होने वाली भर्ती के नजदीक आते ही सोमवार सुबह से पैसेंजर ट्रेनें फुल आने लगी हैं। इससे रेलवे स्टेशन और बस स्टेशन पर खासी भीड़ से अफरातफरी मच गई। सूचना पर एसडीएम ने अधिक बसों के संचालन के लिए परिवहन निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया। प्रभारी कोतवाल सुरेंद्र सिंह कोरंगा के नेतृत्व में पुलिसकर्मी जगह-जगह युवाओं का तेवर उग्र होने पर उनको समझाते रहे। रोडवेज कार्यशाला में एआरएम नरेंद्र कुमार गौतम को भी युवाओं को शांत करने आना पड़ा। रोडवेज प्रशासन और पुलिस के वाहन घूम-घूम कर युवाओं को रोडवेज की अतिरिक्त बसें एक-एक कर आने की सूचना देते रहे। युवाओं का हुजूम सड़कों पर इधर से उधर दौड़ता रहा। इससे रुक-रुक कर जाम लगता रहा। एसडीएम आकाश जोशी ने टैक्सी ऑपरेटर, प्राइवेट बसों को भी पिथौरागढ़ रुट पर वाहन चलाने के निर्देश दिए और टैक्सी किराए के बारे में वाहनों को रोककर जगह-जगह जानकारी ली। एआरएम नरेंद्र ने बताया कि पिछले तीन दिनों से अतिरिक्त बसों का संचालन पिथौरागढ़ रूट पर किया जा रहा है। सोमवार को यूपी से युवाओं की भीड़ आने पर पिथौरागढ़ के लिए शेड्यूल की 25 बसों के अलावा 25 अतिरिक्त बसों को रवाना कर दिया है। जो बसें आ रही हैं, उनको पिथौरागढ़ के लिए भेजा जा रहा है। लोहाघाट, पिथौरागढ़ और टनकपुर डिपो की बसों को लगाया गया है। हर हालत में युवाओं को पिथौरागढ़ पहुंचाने के लिए बसों के आने के क्रम के साथ रवाना किया जा रहा है। उन्होंने माना कि युवाओं की अधिक तादाद होने से दिक्कत आ रही है।

बिंदल हुंडई ने मैट्रोपोलिस में लगाया फ्रीचेकअप कैंप

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। बिंदल हुंडई ने मेट्रोपोलिस सिटी में कैंप लगाकर हुंडई कार मालिकों का फ्री चेकअप के साथ कई डिस्काउंट ऑफर दिए कैंप का उद्घाटन डॉ अभिषेक गुप्ता ने किया। किच्छा बाई पास रोड स्थित हुंडई कारों के डीलर बिन्दल हुन्डई ने मेट्रोपोलिस सिटी में हुंडई आलवेज एराउंड कैंप का आयोजन किया। इस एक दिवसीय कैम्प के दौरान फ्री 18 प्वांइट चैक-अप के साथ अन्य आर्कषक

डिस्काउंटस का प्राविधान भी दिया जा रहा है। कैंप का शुभारम्भ रुद्रपुर के सिद्धिविनायक हॉस्पिटल के मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ अभिषेक गुप्ता ने किया। इस दौरान कम्पनी के जनरल मैनेजर अमित मिश्रा (सर्विस) सुरेश गोसाई (सेल्स), सर्विस मैनेजर प्रवीन तिवारी, कस्टमर केयर मैनेजर कोमल, सर्विस एडवाइजर रोहित यादव, स्पेयर पार्ट्स मैनेजर मो आरिफ, सर्विस टैक्नीकल, कस्टमर केयर व सेल्स स्टाफ के लोग भी उपस्थित थे।

विद्यार्थियों को बताया स्वतंत्रता सेनानी बिरसा मुंडा के जीवन का इतिहास

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 'बिरसा मुंडा: महान स्वतंत्रता सेनानी' विषय पर एक बौद्धिक गोष्ठी एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। गोष्ठी को महाविद्यालय की समाज शास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी, इसी विभाग के प्रोफेसर रवीन्द्र कुमार सैनी और इतिहास विभाग प्रभारी डॉ.अपर्णा सिंह ने सम्बोधि

त किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ.राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। गोष्ठी के अंतर्गत वक्ताओं द्वारा बिरसा मुंडा के जीवन के विविध पक्षों के बारे में विद्यार्थियों को परिचित कराया गया। भाषण प्रतियोगिता में छात्र संघ के पूर्व सांस्कृतिक सचिव एम.कॉम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र कैलाश चौधरी ने प्रथम और और बी.एससी. पंचम सेमेस्टर के छात्र प्रशांत कुमार ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इस बौद्धिक गोष्ठी में साजिया बी, सावीन जहां, अनामिका सिंह, मीनू, संध्या, शिवानी मौर्य, शुवांशु बिष्ट, श्याम सिंह आदि विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

देहरादून(उद संवाददाता)। पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रुपए की ठगी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर दिया है. आरोपी ने लोगों को विदेश भेजने के नाम पर कूटरचित दस्तावेज, अपॉइंटमेंट लेटर मेल के जरिए भेजकर लाखों रुपयों की धोखाधड़ी की थी। मामले को लेकर गुरदीप सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी डोईवाला ने 15 नवंबर को पुलिस को तहरीर दी थी. तहरीर में गुरदीप ने बताया कि रेनी इमिग्रेशन कंपनी के मालिक आनंद गुप्ता (39) पुत्र स्वर्गीय हरिओम गुप्ता निवासी पितांबरपुर बड़ोंवाला और उसकी पत्नी तानिया गुप्ता ने

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर 24 लाख रूपए समेत सभी डॉक्यूमेंट ले लिए. गुरदीप ने बताया कि आनंद ने उन्हें स्किल्ड वर्कर के रूप में ब्रिटेन में नौकरी लगाने का फर्जी नियुक्ति पत्र भी भेजा था. शक होने पर जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने उसके साथ गाली-गलौज और धमकी देकर अपने ऑफिस से बाहर निकाल दिया. पुलिस ने शिकायतकर्ता की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी आनंद गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया है।

जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर कोहरे से फंसा अखिलेश यादव का हॉलीकाप्टर

देहरादून। पूर्व सीएम एवं सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का हेलिकॉप्टर कम विजिबिलिटी से जौलीग्रांट एयरपोर्ट से नहीं उड़ सका। इंतजार के बाद वह रात्रि विश्राम के लिए हरिद्वार पहुंच गए। सपा अध्यक्ष सोमवार को मुजफ्फरनगर के मीरापुर में चुनावी जनसभा में शामिल होना था। गाजियाबाद में कोहरे के कारण उनका हेलिकॉप्टर लैंड नहीं हो पाया था। लिहाजा वह जौलीग्रांट

एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से सड़क मार्ग से मीरापुर की सभा में शामिल हुए। लौटते समय तक अंधेरा छा गया। इसके चलते हेलिकॉप्टर नहीं उड़ पाया। थोड़ी देर जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर इंतजार करने के बाद वह हरिद्वार चले गए। पार्टी के प्रदेश महासचिव अतुल शर्मा ने बताया कि मंगलवार को सुबह सपा अध्यक्ष लौट जाएंगे।

मैदानी क्षेत्रों में छाएगा घना कोहरा, बढ़ेगी ठंड

देहरादून। मानसून की विदाई के बाद से उत्तराखंड में बारिश न होने से सूखी ठंड लोगों को परेशान कर रही है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में प्रदेश के मैदानी इलाकों में कोहरा छाया रहेगा। इसके चलते तापमान में गिरावट आने से सुबह-शाम के साथ दिन के समय भी ठंड बढ़ेगी। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को प्रदेश भर का मौसम शुष्क रहेगा। सोमवार के आंकड़ों पर नजर डाले तो दून का अधिकतम तापमान सामान्य से एक डिग्री इजाफे के साथ 26.4 और न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री कम के साथ 9.8 डिग्री दर्ज किया गया। अभी तक यह तापमान सामान्य से दो-तीन डिग्री अधिक रिकॉर्ड किया जा रहा है। आने वाले दिनों की बात करें तो 20 से 22 नवंबर तक ऊधमसिंह नगर और हरिद्वार जिले में मध्यम से घना कोहरा छाने का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसका सीधा असर मैदानी जिलों के तापमान पर देखने को मिलेगा। हालांकि अन्य जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया, 20 नवंबर के बाद प्रदेश भर के तापमान पर असर देखने को मिलेगा। उत्तर पश्चिमी हवाओं के चलने से तापमान गिरने के आसार हैं। इसके चलते सुबह-शाम के साथ दिन के समय भी ठंड का अहसास होगा।

उपचार के लिए आये व्यक्ति की मौत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मध्य रात्रि जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए आये व्यक्ति को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय पहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार मूल रूप से ग्राम कमराड़ भिकियासैण अल्मोड़ा निवासी 52 वर्षीय कृपाल सिंह पुत्र हंसाराम कुछ समय से बीमार चल रहे थे। परिजन उन्हें उपचार के लिए गत दिवस यहां जिला चिकित्सालय ले गये जहां उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिसमें रिपोर्ट सही आने के बाद वह रविन्द्रनगर निवासी अपने करीबी रिश्तेदार के घर आ गये। जहां रात्रि में उनका स्वास्थ्य अचानक तेजी से खराब हो गया। परिजन उन्हें तत्काल जिला चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने चिकित्सालय एपहुंचकर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

पेज एक का शेष...

राजनीति का अखाड़ा बना...राजेश शुक्ला द्वारा भाग लिया गया कार्यक्रम में पूजन हवन तक सभी स्थितियां सामान्य रही किंतु हवन हवन पूजा पाठ के बाद पूर्व विधायक राजेश शुक्ला के समर्थकों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं राजेश शुक्ला के पक्ष में नारे लगाए जाने से माहौल में तनाव उत्पन्न हो गया। इस बीच वर्तमान विधायक तिलक राज बेहड़ द्वारा मिल में गन्ना पहुंचाने हेतु आई गाड़ी को झंडी दिखाने के लिए गेट पर आने के दौरान भाजपा एवं कांग्रेस के कार्यकर्ता के जमकर नारेबाजी करने लगे जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई और वर्तमान विध ायक तिलक राज बेहड़ वहां से निकलकर चैन पट्टी पर पहुंच गए यहां पर भी दोनों राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच जमकर नारेबाजी होती रही तथा माहौल तनावपूर्ण बना रहा। किच्छा बेहड़ ने गन्ना लेकर पहुंचे बैलगाड़ी चालकों को फूलमाला एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। वहीं,विधायक तिलक राज बेहड़ ने चीनी मिल के कन्वेयर बेल्ट का बटन दबाकर मिल शुरू की। दूसरी तरफ पूर्व विधायक राजेश शुक्ला द्वारा भी कनवर्टर बेल्ट में गन्ना डालकर प्रारंभ किया गया । अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मर्तोलिया ने बताया कि इस सत्र में 36 लाख कुंतल गन्ना पेराई का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने किसानों और क्षेत्रवासियों से सहयोग की अपील की है। इस अवसर पर मुख्य रूप से नारायण सिंह बिष्ट , पूर्व पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, गुड्डू तिवारी, ठाकुर संजीव सिंह, राजेश प्रताप सिंह, पुष्कर राज जैन, सोनू नौशाद, सुरेश पापनेजा, मूल चंद राठौर, ओम तनेजा, दलीप सिंह बिष्ट, लियाकत अंसारी, छोटू कोली ,एन यू खान, दुर्गेश, सुनीता कश्यप, देवेन्द्र शर्मा, राम बाबू, गणेश उपाध्याय, मुकेश कोली, अमरीक सिंह, जीवन जोशी, गुलशन सिंधी, पप्पू दुआ, नितिन चरन, धर्म राज जसवाल, रामचंद्र कोली, विवेक राय, चन्दन जायसवाल, सहायक गन्ना आयुक्त आशीष नेगी, गन्ना सचिव महेश चन्द, महेश प्रसाद, गन्ना प्रबंधक ऋषिपाल सिंह, मुख्य अभियंता दिनेश पाण्डेय, अनिल कुमार पाल, मुख्य लेखा कार संजय कुमार पाण्डेय, प्रताप ठाकुर, सुध ीर शाह,ताहिर मालिक, देवेंद्र सिंह विर्क , किन्नू शुक्ला, सत्येंद्र चौधरी, सऊदी रहमान, मोहम्मद यासीन, रंजीत सिंह मानकीय, दिनेश भाटिया सहित सैकड़ो किसान मिल कर्मचारी उपस्थित थे।

मस्जिद में बालक से ...पर कोतवाली में अभियोग पंजीकृत किया गया। एसएसपी के निर्देश पर गठित टीम ने नामजद आरोपी शोएब पुत्र मो० शाकिर निवासी ग्राम रेहड़ थाना रेहड़ जिला बिजनौर को काशीपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक अभियुक्त मौ० शोएब मूल रूप से ग्राम रेहड़ थाना रेहड़ जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश का रहने वाला है । घटना से 5 दिन पूर्व ही मस्जिद कमेटी काजीबाग द्वारा मौअज्जम/मौलवी के पद पर उसे नियुक्त किया गया था। अभियुक्त द्वारा नाबालिक पीड़ित को पढ़ाने हेतु मदरसे में ना बुलाकर काजीबाग मस्जिद स्थित अपने कमरे में बुलाकर नाबालिक पीड़ित का अनैतिक योन शोषण किया गया है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह राठौर, वरिष्ठ उपनिरीक्षक सतीश कुमार शर्मा,उप निरीक्षक नीमा बोहरा, अपर उपनिरीक्षक अजीत सिंह,प्रकाश बोरा, कांस्टेबल गजेंद्र गिरी आदि शामिल थे।

ट्रेन से कटकर...गया और कुछ ही देर में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर वहां खड़े लोगों से आवश्यक जानकारी ली और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मामले की जानकारी मिलते ही परिजन भी वहां आ पहुंचे और उनमें कोहराम मच गया।

भाजपाईयो ने किया .. कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। जिस प्रकार पेराई सत्र के प्रारंभ के दौरान नारेबाजी करते हुए माहौल खराब करने का प्रयास किया गया तथा पुलिस प्रशासन मूकदर्शक बना रहा वह निंदनीय है उन्होंने कहा कि वह क्षेत्र का माहौल खराब नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि कुछ लोग तराई के माहौल को खराब करना चाह रहे हैं तथा अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को संगठन में जोड़कर विपक्ष के नेताओं को डराना धमकाना चाह रहे हैं, यह हरगिज नहीं चलेगा। उन्होंने पुलिस प्रशासन को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि तनावपूर्ण माहौल के बीच भी पुलिस द्वारा सतर्कता नहीं बरती जा रही थी। उन्होंने कहा कि यदि वह तनावपूर्ण माहौल के स्थान को छोड़कर नहीं जाते तो स्थिति खराब होने के चांस बन गए थे। उन्होंने कहा कि राजनीति स्वच्छ होनी चाहिए विकास की राजनीति होनी चाहिए, इस तरीके से राजनीति करते हुए सत्ता दल के कार्यकर्ता क्षेत्र का माहौल खराब नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के छोटे-छोटे बच्चे राजनीति में हस्तक्षेप कर रहे हैं। उन परिवारों को बच्चों को स्वच्छ राजनीति सिखाने के लिए जागरूक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कुछ अपराधिक तबके के लोग भी राजनीति में आकर के बिना सोचे समझे कार्य कर रहे हैं जो कि तराई के लिए घातक हो सकता है।

एक करोड़ की स्मैक...पुत्र मो० रईस निवासी मी० अल्बी का बार्ड न0 23 थाना काशीपुर ने पूछताछ में बताया कि उसके द्वारा यह स्मैक बरेली निवासी निवासी रिफाकत से लाकर काशीपुर में छोटी छोटी मात्रा में बेचकर ऊँचा मुनाफा कमाया जाता है। छानबीन करने पर ज्ञात हुआ कि अभियुक्त पूर्व में एनडीपीएस में कई बार जेल जा चुका है। उससे पूछताछ में कुछ नामों का भी खुलासा हुआ है । छानबीन में पता चला कि पकड़े गये आरोपी और उसके पारिवारिक सदस्यों द्वारा स्मैक के कारोबार से काफी सम्पत्ति जुटा गयी गयी है। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विक्रम राठौर, प्रभारी एसओजी रवीन्द्र सिंह बिष्ट,उपनिरीक्षक मनोज धौनी, मुख्य आरक्षी विनय कुमार, दीपक कठैत ,प्रदीप कुमार,कुलदीप,अनिल आगरी आदि शामिल थे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

अयोध्या और बदरीनाथ के बाद अब 'केदारनाथ' सीट पर टिकी निगाहें

सीएम धामी के साथ-साथ पीएम की प्रतिष्ठा भी केदारनाथ से जुड़ी,भाजपा पर केदारनाथ बचाने का जबरदस्त मनोवैज्ञानिक दबाव, कांग्रेस के पास हैट्रिक लगाने का चांस, खोने को कुछ भी नहीं

-अर्श-

रुद्रप्रयाग। अयोध्या और बदरीनाथ में हुए चुनाव के बाद सबकी नजर अब केदारनाथ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव पर हैं। भारतीय जनता पार्टी ने जहां केदारनाथ उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है, वहीं कांग्रेस ने इस उपचुनाव को जीतकर जहां सियासी जीत की हैट्रिक लगाने का मौका है तो वहीं अपनी खोई हुई राजनीतिक जमीन वापस हासिल करने की दिशा में हर संभव प्रयास किया है। केदारनाथ विधानसभा सीट पर बदरीनाथ जैसा प्रदर्शन दोहराने के लिए कांग्रेस ने पूरी शक्ति लगा दी है। इस सीट पर सफलता के माध्यम से पार्टी पर्वतीय क्षेत्र के मतदाताओं में अपनी पैठ मजबूत होने का संदेश दे सकेगी, साथ ही उसे भाजपा के हिंदुत्व के एजेंडे को निशाने पर लेने का अवसर मिल जाएगा। लिहाजा बदरीनाथ और मंगलौर उपचुनाव हारने के बाद बीजेपी केदारनाथ उपचुनाव को किसी भी कीमत पर हारना गवारा नहीं कर सकती। यह सीट न सिर्फ भाजपा की प्रतिष्ठा से जुड़ी हुई है, बल्कि केदारनाथ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी सीधा कनेक्शन है। वर्ष 2013 में केदारनाथ आपदा के बाद केदारनाथ को विकसित करने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी खुद पीएम मोदी ने ली थी। पीएम का केदारनाथ से विशेष लगाव अक्सर ही दर्शित होता रहा है। बाबा के दर्शन के लिए पीएम कई बार केदारनाथ आ चुके हैं।प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली बार 3 मई 2017 को नरेंद्र मोदी केदारनाथ 1 आए थे,उसके बाद 20 अक्टूबर

2017 को भी वह बाबा के धाम पहुंचे। इसके अलावा 7 नवंबर 2018, 18 मई 2019 और 5 नवंबर 2021 को भी केदारनाथ पहुंचकर पीएम ने बाबा का आशीर्वाद दिया था। प्रधानमंत्री का पिछला केदारनाथ दौरा 21 अक्टूबर 2022 को हुआ था।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के केदारनाथ प्रवास की सबसे ज्यादा चर्चाएं उस वक्त हुई थी, जब 2019 के लोकसभा प्रचार के बाद उन्होंने केदारनाथ की ध्यान गुफा में 17 घंटे ध्यान लगाया था। प्रधानमंत्री से सीधा कनेक्शन होने के कारण ही इस उपचुनाव के लिए बीजेपी और कांग्रेस दोनों ही एड़ी चोटी का जोर लगाए हुए हैं और चुनावी शोर थमने के बाद अब दोनों ही दलों में घर-घर दस्तक देकर अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क साधने जबरदस्त होड़ मच गई है। विशेष कर भाजपा मतदाताओं से चुनाव पूर्व संपर्क के अंतिम अवसर का पूरा-पूरा सदुपयोग कर लेने में कोई कोर कसर बाकी नहीं रखना चाहती, क्योंकि केदारनाथ में धामी सरकार के सुशासन के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की साख भी दांव पर है। अगर केदारनाथ भाजपा के हाथ से फिसला, तो भाजपा का हिंदुत्व वाला एजेंडा कमजोर पड़ेगा ही, साथ ही समूचे विपक्ष को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और पीएम मोदी पर हमलावर होने का मौका मिल जाएगा। इसलिए भाजपा पर केदारनाथ बचाने का मनोवैज्ञानिक दबाव काफी ज्यादा है। यही कारण है कि भाजपा ने केदारनाथ उपचुनाव के प्रचार चुनाव में अपने सभी प्रभावशाली नेताओं को झोंक दिया। मुख्यमंत्री सहित राज्य सरकार के तमाम मंत्री भाजपा सांसद एवं विधायक सभी ने केदारनाथ की गलियों की खाक छान मारी। उधर कांग्रेस के पास केदारनाथ में खोने के लिए कुछ भी नहीं है। उसे सिर्फ पाना ही पाना है अगर कांग्रेस केदारनाथ उपचुनाव जीतने में सफल रही तो उसके दोनों हाथ में लड्डू होंगे ही और यदि उसके हाथ सम्मानजनक हार भी लगी तो वह भाजपा पर सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करने का आरोप लगाकर भाजपा की जीत के महत्व को काम कर देगी।

20 दिसंबर तक चलेगा हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विश्व शौचालय दिवस-2024 से मानवाधिकार दिवस 19 नवम्बर से 10 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन, जन जागरुकता, सुरक्षित/स्वच्छ शौचालयों के उपयोग में अभियान चलाया जाएगा। साथ ही हमारा शौचालय हमारा सम्मान थीम पर वृहद स्तर पर अभियान चलाया जाएगा। मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि अभियान का शुभारंभ जिला जल एवं स्वच्छता मिशन के माध्यम से 19 नवम्बर मंगलवार को विश्व शौचालय दिवस के अवसर पर विकास खंड सभागार, हल्द्वानी में जनपद स्तरीय समारोह का आयोजन करते हुए जिले भर में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्य रुप से शौचालय विहीन लाभार्थियों का चिन्हीकरण,

शौचालय हेतु स्वीकृति, ग्राम पंचायत, विकासखंड स्तर पर सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता काम्प्लेक्स हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन, स्वच्छता मिशन के माध्यम से पेयजल, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग और अन्य संबंधित विभागों के साथ समन्वय बैठक का आयोजन और क्षेत्रीय स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों, विद्यालयों, स्वास्थ्य केंद्रों में शौचालय का उपयोग सुनिश्चित करना, साथ ही सभी शौचालयों में शौचालयों में जलापूर्ति की सुनिश्चित की गयी हो। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्वच्छता कर्मियों, सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता के क्षेत्र में दिए गए विशेष योगदान हेतु जश्न कार्यक्रम का आयोजन और उनसे संबंधित योजनाओं के लाभान्वित किए जाने हेतु सम्मान शिविर का आयोजन, खुले में शौच मुक्त की स्थिति हेतु ग्राम पंचायत, विकास खंड स्तरीय कार्मियों द्वारा उनके कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान हेतु सम्मानित आदि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

आबकारी विभाग ने दो अवैध भट्टियां तोड़ी, शराब बरामद

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद ऊधमसिंह नगर आबकारी आयुक्त देहरादून व जिलाधिकारी ऊधम सिंह नगर के अवैध मदिरा निर्माण और बिक्री के अड्डों खिलाफ कार्रवाई के निर्देशों के अनुसार आबकारी अपराध निरोधक क्षेत्र 1 रुद्रपुर टीम ने ग्राम कनकपुर में चल रहे अवैध मद्य निष्कर्षण के अवैध अड्डों को मौके

पर पहुंच ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। टीम ने कार्रवाई के दौरान अवैध शराब की 2 भट्टियों को नष्ट कर 220 लीटर अवैध शराब खाम बरामद,5000 किलोग्राम लहन को मौके पर नष्ट किया और 3 अज्ञात अभियुक्तो के विरूद्ध 60 आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की। इसके बाद टीम ने ग्राम रामेश्वरपुर में अभियुक्त गुरु चरण सिंह के कब्जे से लगभग 35 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग की कार्रवाई के चलते शराब तस्करों में हड़कंप मच गया।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना स्थापित करने के लिए बनाई रूपरेखा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। काशीपुर के ग्राम कचनालगाजी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजना स्थापित करने हेतु जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक ली। बैठक में नगर आयुक्त विवेक राय ने यथास्थिति से अवगत कराते हुए बताया कि अबतक 934565 मीट्रिक टन कूड़े का निस्तारण कर दिया गया है। उन्होने ग्राम कचनालगाजी के नजरी नक्शा की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नये प्रोसेसिंग प्लांट में नगर पालिका जसपुर, महुआडाबरा व नगर निगम काशीपुर क्षेत्र के कूड़े का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने बताया कि नये प्रोसेसिंग प्लांट का निर्माण 2.5 है0 क्षेत्र में किया जा रहा है, जिसकी क्षमता 20 वर्षो के लिए लक्षित की गयी है। जिलाधिकारी ने नये प्रोसेसिंग प्लांट हेतु वर्तमान तक किये गये कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने कहा लैंडफिल साईड को ट्रेंचिग ग्राउंड से कुछ दूरी पर बनाये साथ ही सैनिटरी लैंडफिल को नदी

से पर्याप्त दूरी पर बनाये। उन्होने अधिशासी अभियंता सिंचाई को नदी के व्यापक प्रवाह क्षेत्र के मद्देनजर कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होने कार्यदायी संस्था एमएसडब्लूएम प्रा.लि. को प्लांट का कार्य शीघ्र प्रारम्भ करने के निर्देश दिये साथ ही प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) के प्रतिनिधि को प्रत्येक दिन के कार्यो की मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिये। उन्होने उप जिलाधिकारी को निर्देश दिये कि नदी में किसी भी प्रकार का अवैध खनन न हो इसका विशेष ध्यान रखे। बैठक में नगर आयुक्त काशीपुर विवेक राय, अधिशासी अभियंता सिंचाई दीक्षान्त गुप्ता, तहसीलदार पंकज चन्दोला, सहायक अभियंता केशव सिंह, सहायक नगर आयुक्त यशवीर सिंह राठी, कमल सिंह मेहता, कार्यदायी संस्था के आदित्य पाण्डेय, कमलेश कुमार साहू, पीएमयू के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

लोन दिलाने के नाम पर महिलाओं से पचास हजार की ठगी, केस दर्ज

गदरपुर(उद संवाददाता)। लोन दिलाने के नाम पर गरीब महिलाओं से पचास हजार की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है पीड़ित जनो ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजकर मामले से अवगत कराया उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद थाना गदरपुर में आरोपी विपिन चंद्र के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गूलरभोज नगर पंचायत की रहने वाली महिलाओं ने बताया कि वह सब मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण करती हैं इस बीच विपिन चंद्र नाम का एक युवक हम महिलाओं को लोन दिलाने के नाम पर पांच पांच हजार रु 10 महिलाओं से ले लिए और आज तक लोन नहीं कराया जब विपिन चंद्र से लोन की बात की तो उसने फर्जी चेक दे दिए महिलाओं के अनुसार मामले से गूलरभोज चौकी व थाना गदरपुर को अवगत कराया था सुनवाई ना होने पर उच्च अधिकारियों के समक्ष मामले को रखा वहीं गदरपुर पुलिस ने उच्च अधिकारियों के निर्देश के बाद विपिन चंद्र पुत्र हरिप्रकाश निवासी महोली जंगल के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।